
Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 126 | शुक्रवार, 09 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# पाक पर प्रचंड वार

## भारत ने जवाबी हमले में गिराए पाकिस्तान के दो JF-17 और एक F-16 अवाक्स विमान भी तबाह





**नई दिल्ली।**

पाकिस्तान ने बुधवार रात देश के कई राज्यों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। भारतीय एयर डिफेंस ने सभी मिसाइल और ड्रोन को धवस्त कर दिया है। पाकिस्तान के नापाक हमलों का भारत जबरदस्त जवाब दे रहा है। भारत ने लाहौर पर कई मिसाइलें दागी। वहीं, पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह हो चुका है।

लाहौर में वायु रक्षा प्रणाली को भारत ने तबाह कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, लाहौर-सियालकोट-कराची और इस्लामाबाद में भी भारतीय सेना की ओर से गोले बरसाए जा रहे हैं। इसी बीच भारत ने जवाबी हमला करते हुए पाकिस्तान पर कई मिसाइलें दाग दी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो से बातचीत की। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा है कि पाकिस्तान के हर हमलों का भारत करारा जवाब देगा। इस बीच, सूत्रों के हवाले से बताया कि शाम को पाकिस्तान वायु सेना के एक एफ-16 सुपरसोनिक लड़ाकू विमान को भारतीय सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली ने मार गिराया। सूत्रों के अनुसार, एफ-16 ने सरगोधा एयर बेस से उड़ान भरी थी और उसके पास ही उसे मार गिराया गया। जम्मू को निशाना बनाकर पाकिस्तान द्वारा किए गए हवाई हमले को गुरुवार रात भारत की वायु रक्षा प्रणालियों ने सफलतापूर्वक विफल कर दिया। ड्रोन और मिसाइलों से किए गए हमले के प्रयास ने जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई इलाकों में ब्लैकआउट और सायरन बजा दिया गया। अधिकारियों ने लोगों से घर के अंदर रहने और सतर्क रहने का आग्रह किया। भारत ने जवाबी हमले में पाकिस्तान के अवाक्स विमान को मार गिराया है। अवाक्स (एडब्ल्यूसीएस) का अर्थ है एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम। यह एक ऐसा विमान है जो रडार और अन्य सेंसर से लैस होता है। यह विमान, मिसाइल, जहाज और व्हीकल को ट्रैक करके कमांड सेंटर को इसकी जानकारी देता है। सूत्रों के अनुसार, भारतीय वायु रक्षा ने जम्मू हवाई अड्डे के पास लॉन्च किए गए कई ड्रोन को बेअसर कर दिया, जिसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

> लाहौर में वायु रक्षा प्रणाली को भारत ने तबाह कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, लाहौर–सियालकोट–कराची और इस्लामाबाद में भी भारतीय सेना की ओर से गोले बरसाए जा रहे हैं।

## जम्मू के सांबा सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम 10 से 12 जैश आतंकी ढेर



**जम्मू।**

भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव के बीच आतंकियों के समूह ने सांबा में गुरुवार रात को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की कोशिश की। चौकस बीएसएफ जवानों ने जैश-ए-मोहम्मद के 10 से 12 आतंकियों को मार गिराया। अधिकारियों ने मारे गए आतंकियों की सही संख्या के बारे में पुष्टि नहीं की है। सूत्रों ने दावा किया है कि यह सिर्फ घुसपैठ का प्रयास नहीं था, यह पाकिस्तान सेना की बॉर्डर एक्शन टीम (बैट) की नापाक हरकत हो सकती है। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तानी सेना की भारतीय ठिकानों पर गोलाबारी के बीच स्वचालित हथियारों से लैस आतंकियों को सीमा पर भारतीय क्षेत्र की तरफ बढ़ते सीमा सुरक्षाबल के जवानों ने देख लिया था। उन्होंने आतंकियों की हर हरकत पर नजर रख पाकिस्तानी गोलाबारी का भी मुहंतोड़ जवाब दिया। रात करीब 11.30 बजे आतंकियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा घुसने का प्रयास किया। जवानों ने गोलीबारी शुरू कर दी। आतंकियों को फंसते देख पाकिस्तानी सेना ने गोलाबारी की तीव्रता और बढ़ा दी, लेकिन सीमा सुरक्षाबल के जवानों ने करारा जवाब देते हुए आतंकियों को भी मुठभेड़ में उलझा लिया। दोनों तरफ से लगभग 40 मिनट तक गोलीबारी होती रही। सूत्रों ने बतायाकि आतंकी मारे गए हैं या फिर वापस भाग गए हैं। इनमें से कुछ को पाकिस्तानी इलाके में नीचे गिरते देखा है। इनकी संख्या 10 से 12 है। बता दें कि सांबा पहले से भी घुसपैठ के मामले में काफी संवेदनशील हैं। इस क्षेत्र में पहले सुरंग भी मिल चुकी हैं।

### बीएसएफ ने गश्त बढ़ा दी है

दूसरी ओर से सीमा से सटे क्षेत्रों में बीएसएफ ने गश्त बढ़ा दी है। रात आठ बजे पाकिस्तानी सेना ने सांबा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे भारतीय ठिकानों पर गोलाबारी शुरू कर दी। दूसरी ओर पाकिस्तानी से ड्रोन हमले शुरू हो गए।

### भारत की तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान के खिलाफ एकसाथ खोला मोर्चा

## कराची बंदरगाह में नौसेना ने 10 मिसाइलें और ड्रोन दागे

**श्रीनगर।**

पाकिस्तान ने गुरुवार रात जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए डिफेंस सिस्टम र-400 से ड्रोन और मिसाइलों को हवा में मार गिराया। इसके साथ ही पाकिस्?तान का एफ-16 और दो खञ्र-17 को गिरा दिया। जवाबी हमला करते हुए भारत ने लाहौर में पाकिस्तान के अवाक्स विमान को गिरा दिया। नौ शहरों में मिसाइलें दागी। दो पाकिस्तानी पायलट भारत की गिरफ्त में हैं। शाम को पाकिस्तान के हमले के बाद धर्मशाला में हो रहा आईपीएल का मैच सुरक्षा के लिहाज से रोक दिया गया।



## पाक को भारत के जवाबी हमले के बाद ट्रेंड हुआ कीवर्ड

**आगरा।**

भारत के वीर जवान अपने फाइटर और आधुनिक सुरक्षा यंत्रों से पाकिस्तान को सबक सिखा रहे हैं, तो एक युद्ध इंटरनेट मीडिया पर भी चल रहा है। यहां भी देशवासी पाकिस्तानियों की हरकत का उत्तर डिजिटल युद्ध भूमि में अपने कीबोर्ड से दे रहे हैं।

वाट्सएप से लेकर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पाकिस्तान को इस बार बर्बाद करने का ऐलान किया जा रहा है। भारतीय सेना के प्रत्येक हमले और सफलता पर संदेशों की गति और तेज हो जाती है। सभी एक-दूसरे से पूछते रहे हाउ'ज द जोश...। इस बार आर-पार हो जाएगा और 56 इंच का जवाब जरूर आएगा जैसे शब्दों से सजे संदेशों ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर माहौल को गर्मा दिया है।



### तनाव के बीच 27 एयरपोर्ट बंद

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदलते हालात को देखते हुए गुरुवार को घरेलू एयरलाइंस ने 430 उड़ानें रद कर दी हैं। जबकि शनिवार 10 मई तक के लिए 27 एयरपोर्ट बंद कर दिए गए हैं। आंकड़ों के हिसाब से रद की गई उड़ाने देश में कुल उड़ानों का तीन प्रतिशत हैं। उड़ानों पर नजर रखने वाले प्लेटफार्म फ्लाइटराडार24 के अनुसार, पाकिस्तान और भारत के पश्चिमी गलियारे के ऊपर का एयरस्पेस नागरिक उड़ानों के लिए तकरीबन खाली है।

## सैन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ी, अलर्ट पर वायुसेना-थलसेना



**लखनऊ।**

पाकिस्तान की ओर से हो रहे हमलों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए जहां लखनऊ में वायुसेना और थलसेना पूरी तरह अलर्ट हैं। वहीं, पुलिस और प्रशासन भी सतर्क हो गया है।

रेलवे, एयरपोर्ट सहित कई संवेदनशील संस्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अस्पतालों में भी तैयारी पूरी कर ली गई है। पाकिस्तानी हमले की हर गतिविधियों पर दोनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी नजर रख रहे हैं। पाकिस्तान की ओर से ड्रोन, मिसाइल और हवाई हमले को नाकाम करने के लिए मेमौरा वायुसेना स्टेशन के इंटीग्रेटेड एयर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम (आइएसीसीएस) प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है। ऐसे में देश के किसी भी हिस्से से होने वाली हरकत को यह सिस्टम पकड़ लेगा। आइएसीसीएस प्रणाली आसमान में उड़ते दुश्मनों के ड्रोन, गुब्बारे, मिसाइल और लड़ाकू विमानों को इंटरसेप्ट कर सकती है। इस प्रणाली के माध्यम से मेमौरा वायुसेना स्टेशन यह तय कर सकता है कि देश में किस हिस्से से वायुसेना को जवाबी कार्रवाई करना है।

## पाक की सारी मिसाइल हुईं धुआं-धुआं, सुदर्शन चक्र र-400 का कमाल

**नई दिल्ली।**

पाकिस्तान ने बुधवार रात जम्मू कश्मीर, राजस्थान, पंजाब सहित कई राज्यों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया। भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम लगाताार पाक मिसाइलों और ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराने में कामयाब हो रही है। इसी बीच पाकिस्तान ने कबूला है कि उसके दो खञ्र-17 मार गिराया गया। पाकिस्तान के मिसाइल और ड्रोन को मार गिराने में छ-70 एयर डिफेंस सिस्टम का उपयोग किया गया। भारत ने ये कमाल अपने एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 से किया है। इस डिफेंस सिस्टम एस-400 का नाम 'सुदर्शन चक्र'' रखा गया है। देश पिछले कुछ समय से अपने डिफेंस सिस्टम को मजबूत करने में लगा हुआ था। देश ने साल 2018 में रूस के साथ एस-400 प्रणाली के 5 स्क्वॉड्रन के लिए लगभग 35,000 करोड़ रुपये के सौदे पर साइन किए थे।



## संपादक की कलम से

# मिट्टी में मिलाया आतंक

वाह, देश के जांबाज सैनिको ! क्या निशाना था, क्या लक्ष्य चिह्नित किए गए और मात्र 25 मिनट के ऑपरेशन में ही उन अड्डों, मुख्यालयों, मस्जिदों और मदरसों को मिट्टी और मलबा कर दिया गया, जहां आतंकी पनाह लेते थे। वे पाप, हिंसा और गुनाह के ह्वहरमह्ल थे। पहलगाम नरसंहार में यहीं के आतंकियों ने हमारी बहू-बेटियों के ह्वसिंदूरह्ल मिटा दिए थे। एक ही प्रतिघात में 35 साल पुराने प्रतिशोध भी ले लिए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे ह्वऑपरेशन सिंदूरह्ल नाम दिया था। उनका यह कथन भी सार्थक साबित हुआ कि आतंकियों की बची-खुची जमीन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। हमारी सेनाओं ने 6-7 मई की दरमियानी रात में 1.05 बजे से 1.30 बजे के मात्र 25 मिनट के समय में आतंकियों के 9 अड्डे मिट्टी में मिला दिए और 100 से अधिक आतंकियों को ढेर कर दिया। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मुहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी संगठनों के मुख्यालयों को भी नेस्तनाबूद कर दिया। जैश के सरगना मसूद अजहर की टिप्पणी ही हमारे हमलों की आक्रामकता की पुष्टि करती है- काश ! मैं भी मर जाता, तो अच्छा होता ह्ल ऑपरेशन में उसकी पत्नी, बेटे, बहन-बहनोई, भांजा-भांजी, भांजे की बीवी, भतीजा आदि खानदान के 10 लोगों को भी ह्वमिट्टीह्ल होना पड़ा। सरगना के करीबी 4 लोग भी मारे गए। पहलगाम में आतंकियों ने भारत की बेटियों को कहा था-तुम्हें नहीं मारेंगे। जाओ और मोदी को बता दो ह्ल मोदी को तो खुद एहसास था कि ह्वसिंदूरह्ल मिटाया गया है, लिहाजा उनके आदेश पर सेनाओं ने साझा ऑपरेशन तय कर, सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर, रात के अंधेरे में 24 मिसाइलें दाग कर आतंकियों के बिल बिखेर दिए, लेकिन पाकिस्तान की हुकूमत और फौज को भनक तक नहीं लगी। पाकिस्तान का ह्वडिफेंस सिस्टमह्ल सोया ही रहा। यह फौज किस आधार पर परमाणु हथियार के इस्तेमाल के दंभ भरती रही है ? वाह सैनिको ! तुम्हें देश का सलाम, नमन और साधुवाद ! देश के लिए यह गौरव और गर्व का दिन है। हालांकि 21 आतंकी ठिकाने चिह्नित किए गए थे। अर्थात 12 आतंकी बिल अभी शेष हैं। हम अफसोस कर रहे हैं कि हाफिज सईद, मसूद अजहर, सलाहुद्दीन सरीखे आतंकी सरगनाओं को जिंदा क्यों छोड़ा गया ? शायद अब वे देखेंगे कि अपनों की मौत कितनी भयावह और पीड़ादायक होती है ! बहरहाल अभी तो भारत की सेनाओं ने आतंकवाद का प्रथम चरण ही ह्वमिट्टीह्ल किया है। आरंभ है प्रचंड, पाकिस्तान होगा खंड-खंड ! आतंक के बिलों में अब भी ह्वसपोलेह्ल जिंदा हैं। उन्हें भी कुचलना है। अभी तो पाकिस्तान की प्रतिक्रिया, उसका संभावित पलटवार, शेष है। पाकिस्तान ने कबूल किया है कि उसके 31 लोग मारे गए हैं, जबकि कई घायल हुए हैं। उसके पंजाब में आपातकाल घोषित किया गया है। हमने सिर्फ उन्हें मारा है, जिन्होंने हमारी बहू-बेटियों का ह्वसिंदूरह्ल पोंछ दिया था। उन्हें ह्वसिंदूरह्ल की कीमत और उसका महत्व क्या पता ! बहरहाल भारतीय ऑपरेशन में किसी भी सैन्य प्रतिष्ठान, दफ्तर और रिहायशी इलाके या इमारत को खंडित नहीं किया गया है। यह आतंकियों पर ही लक्षित आक्रमण था। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने सभी बड़े देशों को ब्रीफ किया है कि हमला आतंकी अड्डों और हत्यारों पर किया गया। चीन और तुर्किये के बयान पाकपरस्त रहे, क्योंकि यह उनकी विवशता थी। अब यदि पाकिस्तान ने पलटवार कर हमला किया, तो पूरा पाकिस्तान हमारी सेनाओं के निशाने पर होगा। फिर युद्ध हो सकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने स्पष्ट चेतावनी दे दी है।



ललित शर्मा
संपादक

# आपरेशन सिंदूर एक सार्थक पहल और सख्त सन्देश




आपरेशन सिंदूर से आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल हुई है। शांति का आश्वासन, उजाले का भरोसा भारत से ही क्यों किया जाता है, कब तक हम अपनी मानवीयता एवं संवेदनशीलता को दशार्ते रहेंगे?

पहलगाम आतंकी हमले में सुहागनों के सिन्दूर को उजाड़ने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए ह्वआपरेशन सिंदूरह्ल की सफलतम कार्रवाई हर भारतीय के सीने को गर्व से भरने वाली है। बुधवार की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की कई सटीक, संयमित एवं नपी-तूली कार्रवाई पाकिस्तान को करारा सबक एवं सख्त संदेश है। निश्चित ही अब भारत की आत्मा पर होने वाले हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ह्वआपरेशन सिंदूरह्ल में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान में मौजूद 90 आतंकी मारे गए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए की गई, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत भीतर घूस कर मारता है, इस बार भी उसने बिना पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश किये, आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया, जो बहुत सराहनीय कदम है, गौरवान्वित करने और जोश से भर देनेवाली साहसिक एवं अनूठी घटना है।

आपरेशन सिंदूरह्ल से आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल हुई है। शांति का आश्वासन, उजाले का भरोसा भारत से ही क्यों किया जाता है, कब तक हम अपनी मानवीयता एवं संवेदनशीलता को दशार्ते रहेंगे? इस बार समूचा देश एकजुट हुआ, उन्हें तो आतंक का माकूल जबाव चाहिए था, पाकिस्तान में पोषित हो रहे आतंकवाद के लिये कठोर कार्रवाई चाहिए थी। वायुसेना की इस कार्रवाई से न केवल भारत को बल्कि समूची दुनिया को राहत की सांसें मिली हैं। इस कार्रवाई से भारत ने पाकिस्तान को बेहद सख्त और निर्णायक संदेश दिया है कि अब आतंकवाद नहीं चलेगा। भारत ने किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम बरता है। नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइलों से हवाई हमला किया गया। ऑपरेशन को ह्वऑपरेशन सिंदूरह्ल नाम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाया था, पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के बाद, यह जवाब भारतीय बहनों एवं सुहागिनों के लिए एक उचित प्रतिशोध है, जिन्होंने बर्बर आतंकी हमले में अपने पतियों को खो दिया। भारत के बदले की कार्रवाई का समय भी महत्वपूर्ण है। एयर स्ट्राइक एक हिंदू परिवार में मौत के बाद शोक के 13 दिन (तेरहवीं) के बाद हुई और हमारी बहनों एवं पीड़ितों को उचित न्याय मिला है। भारतीय वायु सेना द्वारा अपनी सीमा के भीतर से दागी गई सटीक मिसाइलों के माध्यम से मुजफ्फराबाद, कोटली, गुलपुर, भिमबर, सियालकोट, चक अमरू, मुरीदके और बहावलपुर में केवल ज्ञात और पहचाने गए आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारत ने बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के कुख्यात आतंकी मुख्यालय को नष्ट कर स्पष्ट संदेश दिया है। जैश-ए-मोहम्मद चीफ हाफिज सैयद द्वारा बनाया गया यह स्थान आतंक का केंद्र, प्रयोगशाली एवं नर्सरी बन गया था। आगे भी भारतीय सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार हैं। भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के अपने संकल्प पर दृढ़ है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की बहानेबाजी एवं आतंकवाद को लगातार प्रोत्साहन एवं पल्लवन देने की स्थितियों को देखते हुए यह आवश्यक हो गया था कि उसे न केवल सबक सिखाया जाए, बल्कि यह संदेश भी दिया जाए कि भारत अब उसकी चालबाजी में आने वाला नहीं है। यदि भारत ने पाकिस्तान और वहां पल-पल पनप रहे आतंकवाद को सबक नहीं सिखाया तो वे पुलवामा, उरी, पहलगाम जैसी दुखद घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सच्चे राष्ट्रभक्त एवं राष्ट्रनायक की भांति आतंकवाद की अनिर्णायक स्थिति में निष्पक्षता एवं कठोरता का पार्ट अदा किया हैं। अब तक हमने सदैव ह्वक्षमा करो और भूल जाओह्ल को वरीयता दी है। यही कारण है कि आतंकवाद बढ़ता गया, आतंकवादी पनपते गये, निर्दोष लाशें बिछती रही। अब यह वक्त बताएगा कि पाकिस्तान कोई सही सबक सीखता है या नहीं, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि एयर स्ट्राइक से बिना उसकी सीमा में घुसे बड़े आतंकी अड्डे पर हमला करके यह बता दिया कि भारत के सहने की एक सीमा है, उसके धैर्य का बांध टूट गया है। पाकिस्तानी सेना की उन्मादी मानसिकता एवं विकृत सोच को हम जानते हैं कि वह अपनी गंदी चालों से बाज नहीं आयेगा। लेकिन भारतीय सैन्य बल के सामने वह टिक नहीं पाएंगे। इस बार भारत पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीयों ने भी मोदी सरकार के नेतृत्व के पीछे अभूतपूर्व एकता दिखाई है। जाहिर है कि पाकिस्तान बड़े-बड़े दावे करेगा और दुनिया के सामने विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश करेगा। लेकिन पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश मिल गया है भारत के साथ खिलवाड़ न करें। फिलहाल पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय मिल गया है। पाकिस्तान से आतंक की जड़ों को मिटाने का यह स्पष्ट और सार्थक कदम है। पाकिस्तान ने संयम एवं इंसानियत को छोड़ दिया है, उसने मयार्दा और सिद्धान्तों के कपड़े उतार कर नंगापन को ओढ़ लिया है। पूर्वाग्रह एवं आतंकवादी अहंकार के कारण वह विवेक शून्य हो गया है। उसको एवं उसके द्वारा पोषित आतंकवाद को परास्त करना जरूरी हो गया था, उसको परास्त करने का अर्थ उसे काबू में कर सही रास्ते पर लाना नहीं बल्कि आतंकवाद नेस्तनाबूद करना है। अब भी यदि वह सबक नहीं सिखता है तो उसका संकट बढ़ सकता है। भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन पाकिस्तान युद्ध की मानसिकता से ग्रस्त है। उसे यह भी समझ आना चाहिए कि परमाणु बम के इस्तेमाल की उसकी धमकियां अब काम आने वाली नहीं। हर आतंकवादी घटना मानवीयता को घायल करती है और हर ऐसी जलने वाली लाश का धुआं मानवता पर कालिख पोत देता है। लेकिन आतंकवाद के शमन का रास्ता खोल कर भारत ने दुनिया को भी आश्वस्त किया है कि अब आतंकवाद की दिन लद गये है। भारत की कार्रवाई इस दिशा में एक सार्थक पहल है जिसने आतंकवाद के पैर ले लिये हैं, उसे पंगु बना दिया है। यह निश्चित ही सम्पूर्ण मानवता के लिये उजली सुबह की आहत है। दरअसल, पाकिस्तान इसलिए अपनी आतंकी सोच बढ़ाता जा रहा था, क्योंकि उसे ठीक से कड़ा संदेश नहीं मिल रहा था। इस तरह उनकी हिम्मत बढ़ती गयी थी और उसने भारत में एक नहीं अनेक बार पहलगाम जैसी दर्दनाक घटनाओं को अंजाम दिया है। उनकी आतंकी योजनाओं को नाकाम करने की सख्त जरूरत पड़ी, ताकि आगे हम अपने और जवान न खोयें, निदोर्षों को मरते न देखें, अशांति को न झेले एवं भय को न जीये। भारत ने यह कर दिखाया है। तमाम आतंकी अड्डे को मटियामेट किया गया, वैसे तमाम अड्डे पाकिस्तानी सेना के संरक्षण और समर्थन से ही चलते रहे हैं। अभी तक पाकिस्तान ऐसे अड्डों को खत्म करने का दिखावा करने के साथ यह बहाना भी बनाता रहा है कि हम तो खुद ही आतंक के शिकार हैं। यह झूठ न जाने कितनी बार बेनकाब हो चुका है, किंतु पाकिस्तान बेशर्मी से बाज नहीं आता। सफल हवाई हमले को अंजाम देने के बाद भारत दुनिया को यह संदेश देने में भी कामयाब रहा कि उसने पाकिस्तान को निशाना बनाने के बजाय उसके यहां कायम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। वायुसेना ने अपनी पराक्रम क्षमता और साहस का जो परिचय दिया, वह पाकिस्तान के साथ विश्व समुदाय को भी एक संदेश है। वह यह संदेश इसीलिए दे सकी, क्योंकि प्रधानमंत्री ने जरूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया। पाकिस्तान के मनोबल को तोड़कर ही आतंकवाद को परास्त किया जा सकेगा। अब पाकिस्तान को यह भय भी सताएगा कि उसकी ओर से भारत के खिलाफ कोई कदम उठाया गया तो उसे कहीं अधिक करारा जवाब मिलेगा। उस जबाव का अर्थ होगा पाकिस्तान के सम्मुख संकटों के पहाड़ खडे.होना, वहां की अर्थ-व्यवस्था ध्वस्त होना, जनजीवन का परेशान होना, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ना। भारतीय सेना को अब और भी ज्यादा मुस्तैद-सतर्क रहना होगा और बेहतर रणनीति के साथ तैयारी भी मजबूत रखनी होगी, ताकि पाकिस्तान की तरफ से अगर कोई जवाबी कार्रवाई होती है, तो उसका हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब दे सके।

## पुरवाई ने ली अंगड़ाई

उदय किशोर साह



कविता

पर्वत के तन मन को छु कर
पुरवाई ने ली है अंगड़ाई
बेमौसम की इस वर्षा ने
तन मन में है आग लगाई

काली बदरा अंबर पे इतराये
नन्हीं नन्हीं फुहार है बरसाई
तन भी भीगा मन भी भीगा
चमन की कलियों मुस्कुराई

खोलो दरवाजा अय बाग बगीचे
मौसम रूत प्यार की है लाई
ढुंढ् रही है मेरी निगाहें उनको
जिसने मेरी आँखों की नींद चुराई

लव मौन है पर नैन बोलती है
किसने मेरे दिल पे जगह पाई
ख्वाबों देखा पर छिप रही रेखा
कैसी हमपे ये वो सितम ढाई

अब तो आजा दिल को समझा जा
घायल दिल पे रहम कर साईं
तेरे बिना ये मंदिर है मेरी सूना
कुछ. तो रहम कर अय हरजाई

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## विश्व मातृ दिवस- 11 मई, 2025

# मां धरती पर विधाता की प्रतिनिधि यानी देवतुल्य है



ललित गर्ग

मदर्स डे या मातृ दिवस एक ऐसा महत्वपूर्ण एवं संवेदनात्मक दिन है जो हमें अपनी माताओं के प्यार और बलिदान के लिए धन्यवाद देने और उन्हें सम्मान देने का अवसर देता है। जननी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का तथा मातृशक्ति की अभिवंदना का यह एक स्वर्णिम अवसर है। माँ की महिमा को उजागर करने का ऐतिहासिक दिन है। सेवा और समर्पण की साक्षात प्रतिमूर्ति मातृ-शक्ति ने केवल अपनी संतान को ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र को सृजनात्मक एवं रचनात्मक दिशाएँ दी हैं। अपने त्याग और बलिदान से परिवार, समाज और राष्ट्र की अस्मिता को बचाने का हर संभव प्रयत्न किया है। यहाँ तक कि परिवार संस्था की आधारभित्ति भी मातृ-शक्ति के इर्द-गिर्द ही टिकी हुई है। माँ एक चलता-फिरता चमत्कार है। माँ के प्रभाव से अधिक शक्तिशाली कोई प्रभाव नहीं है।

मातृ दिवस मनाने की अनेक विचारधाराएं एवं मान्यताएं हैं। विश्व के विभिन्न भागों में यह अलग-अलग दिन मनाया जाता है। मदर्ड डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। 16वीं सदी में इंग्लैण्ड का ईसाई समुदाय ईशु की माँ मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए यह त्योहार मनाने लगा। इस दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने 8 मई, 1914 को लिया। कुछ लोगों का मानना है कि मदर्स डे कि शुरूआत एक अमेरिकन एक्टिविस्ट एना जार्विस से होती है। एना जार्विस को अपनी माँ से खास लगाव था। माँ के गुजर जाने के बाद एना ने माँ से प्यार जताने के लिए मदर्स डे की शुरूआत की। तब से हर साल मई माह के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। माँ का प्रेम अपनी संतान के लिए इतना गहरा और अटूट होता है कि माँ अपने बच्चे की खुशी के लिए सारी दुनिया से लड़ लेती है। एक मां का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है, एक मां के बिना ये दुनियां अधूरी है। मदर्स डे सामान्य रूप से माताओं, मातृत्व और मातृ संबंधों को मान्यता देता है, साथ ही उनके परिवारों और समाज में उनके सकारात्मक योगदान को भी दशार्ता है।

मदर्स डे, उन उल्लेखनीय महिलाओं का सम्मान करने का एक हार्दिक उत्सव है जो हमारे जीवन को प्यार, ज्ञान और असीम शक्ति से भर देती हैं। माँ का प्यार किसी भी ताजे फूल से अधिक सुंदर है। एक माँ की खुशी एक प्रकाश स्तंभ की तरह होती है, एक प्रकाशगृह यानी लाइट हाउस, जो भविष्य को रोशन करती है लेकिन प्यारी यादों के रूप में अतीत पर भी प्रतिबिंबित होती है। एक माँ शक्ति और गरिमा से सुसज्जित होती है, भविष्य के बारे में बिना किसी डर के हँसती है। प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा है



कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो मेरे जीवन का एकमात्र ऐसा दिन था जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी ह्ल एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं। मां का त्याग, बलिदान, ममत्व एवं समर्पण अपनी संतान के लिये इतना विराट है कि पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दी जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं। इसीलिये एच. डब्ल्यू. बीचर ने कहा कि मां का हृदय बच्चे की पाठशाला है। भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोपरि माना गया है। मां को देवतुल्य माना गया है। इसीलिये ह्लमातृ देवो भवःह्ल यह सूक्त भारतीय संस्कृति का परिचय-पत्र है। ऋषि-महर्षियों की तपः पूत साधना से अभिसिंचित इस धरती के जर्रे-जर्रे में गुरु, अतिथि आदि की तरह माँ भी देवरूप में प्रतिष्ठित रही है। महर्षि वाल्मीकी की यह पंक्ति- ह्वजननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसीह्ल जन-जन के मुख से उच्चारित है। प्रारंभ से ही यहाँ ह्वमातृशक्तिह्ल की पूजा होती आई है। वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में माँ की आराधना होती है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धन-धान्य आदि प्राप्त होता है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान हर किसी के साथ नहीं रह सकता इसलिए उसने माँ को बनाया। एक माँ हमारे जीवन की हर छोटी बड़ी जरूरतों का ध्यान रखने वाली और उन्हें पूरा करने वाली देवदूत होती है। कहने को वह इंसान होती है, लेकिन भगवान से कम नहीं होती। वह ही मन्दिर है, वह ही पूजा है और वह ही तीर्थ है। तभी ई. लेगोव ने कहा है कि इस धरती पर मां ही ऐसी देवी है जिसका कोई नास्तिक नहीं। यही कारण है कि समूची दुनिया में मां से बढ़कर कोई इंसानी रिश्ता नहीं है। वह सम्पूर्ण गुणों से युक्त है, गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान है। उसका आशीर्वाद वरदान है। जरा कभी मां के पास बैठो, उसकी सुनो, उसको देखो, उसकी बात मानो। उसका आशीर्वाद लेकर, उसके दर्शन करके निकलो। फिर देखो, जो चाहोगे मिलेगा- सुख, शांति, शोहरत और कामयाबी। ध्यान रहे, मां का दिल दुखाने का मतलब ईश्वर का अपमान है। संसार महा- व्यक्तियों के बिना रह सकता है, लेकिन मां के बिना रहना एक अभिशाप की तरह है। इसलिये संसार मां का महिमामंडन करता है, उसके गुणगान करता है। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किन्हीं शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। मां रूपी सूरज चरेवैति-चरेवैति का आह्वान है। उसी से तेजस्विता एवं व्यक्तित्व की आभा निखरती है। उसका ताप मन की उम्मीदों को कभी जंग नहीं लगने देता। उसका हर संकल्प मुकाम का अन्तिम चरण होता है। मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। किंतु वर्तमान परिवेश को देखते हुए यह सवाल अवश्य खड़ा होता है कि क्या आज की माँ जननी की भूमिका का सम्यक निर्वहन कर रही है? अथवा क्या वे समाजशास्त्रियों के इस अभिमत पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगा रही कि बच्चा नागरिकता का पहला पाठ माँ की वात्सल्यमयी गोद में सीखता है। जबकि वस्तुस्थिति तो यह है कि माँ की गोद उसे नसीब होती कहाँ है? कुक्षि से बाहर आते ही उसे अलग पालने में सुला दिया जाता है। सोता है तो दूध की बोतल उसके मुँह से लगा दी जाती है। उसका लालप-पालन या देखरेख नर्स या आया के द्वारा होती है अथवा डे केयर सेंटर, बेबी केयर सेंटर में भेजकर कर्तव्यपूर्णता का लेबल लगा दिया जाता है। दो-ढाई वर्ष का होते ही नर्सरी में कम्प्यूटर द्वारा उसे अक्षर-बोध प्राप्त होता है। कुछ बड़ा होते ही उसे होस्टल में प्रविष्टि दिला दी जाती है। कितनी आधुनिक माताएँ तो ऐसी हैं जिन्हें अपने बच्चों से संवाद स्थापित करने का क्षण भी उपलब्ध नहीं होता। करें भी कैसे ? उन्हें अपने निजी कार्यक्रमों से ही फुर्सत नहीं है। तब भला वह कैसे उन्हें बात-बात में तत्त्वबोध दें? कब मीठी-मीठी प्रेरक लोरियाँ सुनाकर संस्कारों की सौगात सौंपे? किस माध्यम से पारिवारिक, सामाजिक मान-मयार्दाओं की अवगति दें? कैसे जीवन में धर्म की उपयोगिता का अहसास करवाएँ? तब फिर शून्यता के सिवा शेष हाथ भी क्या आएगा? मातृ दिवस मां की अस्मिता के धुंधलाने के कारणों की पडताल करने का भी अवसर है। कन्याभ्रूणों की हत्या एक ओर मनुष्य को नृशंस करार दे रही है, तो दूसरी ओर स्त्रियों की संख्या में भारी कमी मानविकी पर्यावरण में भारी असंतुलन उत्पन्न कर रही है। अन्तर्राष्ट्रीय मातृ-दिवस को मनाते हुए मातृ-महिमा पर छा रहे ऐसे अनेक धुंधलों को मिटाना जरूरी है, तभी इस दिवस की सार्थकता है।

# धूमधाम से मनाया गया भारतीय जैन मिलन का 70वां स्थापना दिवस

वेलकम इंडिया



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। जैन मिलन परिवार बड़ौत द्वारा शगुन फार्म मे भारतीय जैन मिलन का 70 वा स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अतिवीर सुरेश जैन रितुराज का छठी बार पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर पगडी, पटका व शॉल ओढ़ाकर तथा मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। तदुपरांत वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर मनोज कुमार जैन का भी पगडी ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस कड़ी में क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर प्रदीप जैन एडवोकेट को भी पगडी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस पर सभी क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय व सभी शाखाओ के अध्यक्ष मन्त्रीयो का भी सम्मान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अतिवीर सुरेश जैन रितुराज ने कहा कि जैन समाज अगर एक रहे तो हमसे बलशाली कोई नही है, हमे हमेशा एक बनकर रहना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रदीप जैन एडवोकेट, क्षेत्रीय मन्त्री राखी जैन, फाउंडेशन अध्यक्ष अनिल जैन बर्फ खाने वाले, प्रमोद एडवोकेट, प्रभाष जैन खददर वाले, अमित एडवोकेट, प्रमोद जैन भट्टे वाले, मुख्य संयोजक कार्यकारीध्यक्ष नवीन जैन बब्बल, संजीव जैन डाबर, सुधीर जैन पत्थर वाले, पुनीत जैन इंसोरेंस वाले, आदिश जैन सबगे वाले, सिद्धार्थ जैन कम्प्यूटर, सन्तोष जैन, कमल जैन किताब, राजेन्द्र जैन कानूनगो, नवनीत जैन एकदाम वाले, हर्षित जैन वनस्थली, वैभव जैन वासु, अतुल जैन पुष्प, संजय जैन किरठल, दिनेश जैन कोयला, अमर जैन वर्धमान, नितीन जैन बर्तन, अनुज जैन, सपना जैन महावीर, अमर जैन वर्धमान, शुभम जैन शान्तिनाथ, सत्यम जैन, यश जैन पैट्रोलपम्प, नितेश जैन ढांडा, सिद्धान्त जैन जेपी स्वीट, आकाश जैन, इंटरनेशनल अवार्डी, महामहिम राष्ट्रपति और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# ऑपरेशन सिंदूर की दृष्टिगत जनपद में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ बनाए रखे गोष्ठी आयोजन

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने संयुक्तरुप से जनपद के अधिकारीगणों के साथ सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी आयोजित की गयी। महोदय द्वारा गोष्ठी के दौरान महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा, समस्त सुरक्षा इकाइयों द्वारा भागीदारी करते हुए आंतरिक सुरक्षा अभ्यास आयोजित करने, समस्त पुलिस परिसरों यथा पुलिस लाइन, कार्यालय, डिपो, पुलिस यूनिट व नियंत्रण कक्ष को सुरक्षित रखने के साथ साथ पुलिस बेबसाइट व पुलिस सर्वर की साइबर हमलों से सुरक्षा सुदृढ़ करने, महत्वपूर्ण स्थानों पर पहचान पत्रों के सत्यापन के साथ प्रवेश की नियंत्रित व्यवस्था करने, देश की विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करने, सामरिक आवागमन की मूवमेंट को गोपनीय रखने, सांप्रदायिक रुप से संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, खुफिया तंत्र को सक्रिय करने, सोशल मीडिया की निगरानी करने, डायल 112 के आपातकालीन वाहनों को सतर्क रखने आदि विषयों पर विभिन्न आदेश निर्देश सम्बन्धित को प्रदान किए गए। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान, क्षेत्राधिकारी मेहंदावल सर्वदवन सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# यूकेलिप्टस का सूखा पेड़ बन सकता है खतरा

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** ब्लाक परिसर में खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने यूकेलिप्टस का एक बड़ा पेड़ सूख चुका है तथा अब खतरा बनता नजर आ रहा है अधिकारियों की निगाह फिलहाल इसपर नहीं पड़ रही है। भविष्य में यह पेड खतरा बनता नजर आ रहा है। सूख चुके इस यूकेलिप्टस के पेड़ के नीचे खड़े होने में अब कोई भी डरने लगता है पेड़ कब पूरी तरह गिरकर धाराशाई हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता है और जनहानि की आंशका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इस पेड़ की डालियां प्रतिदिन हवाओं के कारण टूटकर गिरती हैं तथा इस समय तेज पछुवा हवाओं के कारण इसके गिरने की आंशका और प्रबल हो रही है। स्थानीय लोगों ने इस पेड़ के नीलामी की मांग की है तथा ब्लाक परिसर से इस पेड़ को काटकर हटाने की अपील की है।

# यादव महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** अखिल भारतीय वर्षीय यादव महासभा महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष मीना यादव का श्रीकृष्ण अहिरानी यदुवंशी परिवार की महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया। स्थानीय जयगुरुदेव आश्रम में आयोजित स्वागत समारोह में वक्ताओं ने पहली बार मथुरा की अहिरानियों को दिए सम्मान के लिए आभार प्रदर्शन किया। नव नियुक्त अध्यक्ष मीना ने महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू यदू, गुजरात यादव समाज की शान लीरी बहन का आभार जताया कि उन्होंने ब्रज की महिला पर संगठन ने भरोसा जताया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव को आश्वस्त किया कि समाज के उत्थान के कार्य में ब्रज की अहिरानियां कभी पीछे नहीं रहेंगी। संचालन करते हुए विशिष्टा यादव ने कहा की श्रीकृष्ण की भूमि से संस्कृति, शिक्षा, संस्कार का संदेश समूचे प्रदेश में जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व सभासद प्रीति यादव, सुनीता, अंजू पुष्पांजलि, अंजू होलीगेट, बबीता, शिवानी, अमिता, कनकलता, संस्कृति, सीमा सदर,

सीमा, धर्मवीर, सत्येंद्र, प्रहलाद, नरेश प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# 675 ग्राम अवैध गांजा व एक चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर थाना अहमदगढ़ पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त को ग्राम पापडी नगर की पटरी के पास से 675 ग्राम अवैध गांजा व एक चोरी की मोटरसाइकिल सहित आकाश पुत्र ताराचन्द्र निवासी मौ0 छीपीवाड़ा थाना औरंगाबाद कोगिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अहमदगढ़ पर मुअसं-114/25 धारा 317(2) बीएनएस व 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचन्द्र शर्मा थाना अहमदगढ़ उ0नि0 अजय सिंह, है0का0 विपिन कमार, का0 नीरज कुमार आदि शामिल रहे।

# गैंगस्टर में वांछित एक शातिर अपराधी गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर थाना बीबीनगर पुलिस द्वारा गैंगस्टर में वांछित 01 शातिर अभियुक्त

मौहम्मद फिरोज पुत्र काले खां निवासी मौ0 गौस्त वाली गली गोण्डा रोड शाहजामाल थाना रोरावर जनपद अलीगढ को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का चोर/गैंगस्टर हैं, जो थाना बीबीनगर पर पंजीकृत मुअसं-85/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना बीबीनगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैं।

# अनुश्रुति विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान

वेलकम इंडिया



**रुड़की–** ब्रह्माकुमारीज व उत्तराखंड शासन के सहयोग से उत्तराखंड दिव्यांग सेवा टीम के सेवाधारियों ने रुड़की आईआईटी के अनुश्रुति विद्यालय में दिव्यांग बच्चों को राजयोग का अभ्यास कराने के साथ ही उन्हें रौचक खेल सिखाये और खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरूस्कृत भी किया। ग्रुप कैप्टन बीके सूर्य प्रकाश राव ने दिव्यांग बच्चों को विशेष गुणवान बताया और उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं से कराया। उन्होंने कहा कि हम एक दिन मौन रखकर स्वयं को शक्तिशाली अनुभव करते हैं, साथ ही हमे शान्ति की अनुभूति भी होती हैं। कार्यक्रम में बच्चों को एक प्रेरक बाल फिल्म भी दिखाई गई। खेलो व लेखन प्रतियोगिता में सर्वोत्तम रहे बच्चों को अनुश्रुति विद्यालय की प्रधानाचार्या विभूति सैनी, विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति श्रीगोपाल नारसन, शिक्षाविद यशपाल सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक महेंद्र सिंह सैनी, कमलेश कुमारी, कालू चौधरी, सोंविक मैटी, साधना, मीरा, स्नेह, शाजिया फरहत, रेणु सूद, नीलिमा अग्रवाल, रुचि त्यागी, आशा मेहता, मुक्ता गुप्ता शीला सैनी आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा ने संभाला अहमदगढ़ थाने का कार्यभार

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर गुरुवार को एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने अहमदगढ़ थाना प्रभारी नीरज मलिक को बुलंदशहर कोतवाली देहात का प्रभारी बनाया है तथा उनकी जगह पर बुलंदशहर कोतवाली देहात से प्रेमचंद शर्मा को दायित्व परिवर्तन कर अहमदगढ़ थाने की कमान सौंपी है। अहमदगढ़ थाना के नवागत थाना प्रभारी प्रेमचंद शर्मा ने चार्ज संभालते ही अपराधियों को दिया पैगाम अपराधी अपराध छोड़ें अथवा थाना क्षेत्र प्रेमचंद शर्मा बुलंदशहर जनपद में विभिन्न थानों में अपनी सेवा दे चुके हैं जोकि बुलंदशहर में ट्रैफिक इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी तथा शिकारपुर कोतवाली, जहांगीराबाद, बुलंदशहर देहात कोतवाली, अनूपशहर और अब अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी मिली है। क्षेत्र में अवैध कारोबार नहीं पनपने दिया जाएगा पुलिस और जनता के बीच में मधुर संबंध स्थापित कराया जाएगा। लेकिन अपराधियों से सख्ती से निपटा जाएगा थाने में फरियादियों को थाने के 24 घंटा दरवाजे खुले हैं पीड़ित लोगों को थाना स्तर पर न्याय दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा थाना क्षेत्र में गैर कानूनी कार्य बंद कर दे अन्यथा जेल जाने को तैयार रहे चार्ज संभालने के बाद क्षेत्र में भ्रमण के दौरान तमाम तरह की जानकारी ली गई बाद में स्टाफ के साथ परिचय बैठक की गई तथा सभी से कहा है कि क्षेत्र में भ्रमणशील रहे अवैध कार्यों और अपराधियों पर पैनी नजर बनाए रखें यदि कोई भी पुलिसकर्मी अवैध कार्यों में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ भी संबंधित कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षकों के स्कूल न जाने की मिल रही शिकायतों पर बीएसए ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त द्वारा परिषदीय स्कूलों में सुधार हेतु निरंतर औचक निरीक्षण किए जाने का क्रम जारी है। बीएसए सुनील दत्त द्वारा लगातार किए जा रहे निरीक्षण के बाद अधिकांश शिक्षक, शिक्षिकाएं समय से स्कूल पहुंचने लगे हैं। स्कूलों में पढ़ाई के स्तर में भी सुधार देखने को मिल जा रहा है।

कुछ शिक्षकों के स्कूल न जाने की विभाग को निरन्तर मिल रहीं शिकायतों पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त द्वारा उन स्कूलों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा निरीक्षण में बीएसए को कई स्कूल बंद मिले तो कई जगह शिक्षक, शिक्षा मित्र अनुपस्थित मिले।

बीएसए को निरीक्षण में उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला मेवाती, प्राथमिक विद्यालय नगला बंजारा, उच्च प्राथमिक विद्यालय नगरिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय धगसीगा छाता निरीक्षण के समय बंद मिले। समस्त स्टाफ का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्यवाही की गई है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाकलपुर, मथुरा के निरीक्षण में विद्यालय में नामांकित छात्र संख्या 155 के सापेक्ष 96 छात्र/छात्रा उपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय चैनपुरा के निरीक्षण में विद्यालय में छात्र नामांकन व उपस्थिति बहुत ही कम पायी गयी। प्राथमिक विद्यालय कोसीखुर्द प्रथम के निरीक्षण में श्रीमती ज्योति शर्मा शिक्षामित्र व श्रीमती सीता देवी शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले। साथ ही डी०एल०एड० प्रशिक्षु दीपक वर्मन, विश्वेन्द्र सिंह, दिव्या सिंह व हरकेश देवी लगातार अनुपस्थित पाये गये। उच्च प्राथमिक विद्यालय कोसी खुर्द, गोवर्धन के निरीक्षण में इन्दु रानी स०अ०, ऋषि भारद्वाज स०अ० अनुपस्थित मिले जिनके वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्यवाही की गई है। उच्च प्राथमिक विद्यालय ऊमरी, मथुरा के निरीक्षण में प्रीति चाहर स०अ० द्वारा टाइम एण्ड मोशन का अनुपालन न करते हुए पाये जाने पर व महेश पाल अनुदेशक अनुपस्थित पाये जाने पर इनका वेतन/मानदेय अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्यवाही की गई प्राथमिक विद्यालय ऊमरी, मथुरा के निरीक्षण में मनोज कुमार रावत, प्र०अ० द्वारा टाइम एण्ड मोशन का अनुपालन न करने के कारण इनका वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्यवाही की गई है। उच्च प्राथमिक विद्यालय नगरिया, छाता के निरीक्षण में दिव्या मेवाती स०अ०, विवेक कुमार वरूण स०अ०, राजेश पाण्डेय शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले सभी का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्यवाही की गई है। प्राथमिक विद्यालय आदमपुर के निरीक्षण में डी०एल०एड० प्रशिक्षु सन्तोष अनुपस्थित मिले। उच्च प्राथमिक विद्यालय हुसैनी के निरीक्षण में निशा सिंह शिक्षामित्र अनुपस्थित मिलीं। उनका मानदेय अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्यवाही की गई है।

# हांसी में 11 मई को होने वाली विकास रैली स्थगित , मुख्य मंत्री नही आएगें : विनोद भयाणा

वेलकम इंडिया



**हांसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति को ध्यान में रखते हुए, हरियाणा सरकार ने 11 मई 2025 को हांसी में आयोजित होने वाली विकास रैली को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक विनोद भयाना ने बताया कि रैली को लेकर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के उपरांत निर्णय लिया गया कि वर्तमान संवेदनशील माहौल में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रैली को आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि जैसे ही भारत-पाकिस्तान के बीच स्थिति सामान्य होगी, रैली के लिए नई तिथि निर्धारित की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह शीघ्र ही हांसी का दौरा करेंगे और क्षेत्र के विकास से संबंधित सभी योजनाओं को विस्तार से लोगों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। एयरफोर्स जवान कमल कंबोज का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, कमल कंबोज अमर रहे के लगे नारे, अंतिम यात्रा में विधायक विनोद भयाना सहित हजारों लोग हुए शामिल एयरफोर्स के जवान कमल कंबोज (25) का वीरवार दोपहर को पैतृक गांव लोहारी राघो में अंतिम संस्कार किया गया। कमल के चचेरे भाई ने नम आंखों के साथ उन्हें मुखाग्नि दी। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। उनकी अंतिम यात्रा में हांसी से भाजपा विधायक विनोद भयाना, नायब तहसीलदार ओमवीर व नारनौंद थाना प्रभारी बलवान सिंह ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। शमशान घाट में एयरफोर्स के अधिकारियों ने परिवार के लोगों को तिरंगा सौंपा और एयरफोर्स की टुकड़ी ने उन्हें सलामी दी। याद रहें स्वर्गीय कमल कंबोज के परिजनों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के चलते जवानों की छुट्टियां रद्द होने पर बुधवार को ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकले कमल की सड़क दुर्घटना हो गई थी। इस हादसे में एयर फोर्स जवान 25 वर्षीय कमल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को मृतक का शव हांसी के नागरिक अस्पताल में रखवा दिया था। वहीं से वीरवार को शव गांव में लाया गया और राजकीय सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया।

# आज मनाई जाएगी महाराणा प्रताप जयंती

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** पूरे देशभर में आज महाराणा प्रताप की जयंती मनाई जाएगी महाराणा प्रताप जयंती को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट हो गया है थाना नरसेना प्रभारी रीतेश कुमार ने शोभा यात्रा के मार्गो का पुलिस बल के साथ निरीक्षण किया थाना नरसेना क्षेत्र में निकलने वाली सभी गांव की शोभायात्रा का पुलिस ने बारिकी से निरीक्षण जन्म : महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई, 1540 ईस्वी को राजस्थान के कुंभलगढ़ दुर्ग में हुआ था। महाराणा प्रताप की जयंती विक्रमी संवत कैलेंडर के अनुसार प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष तृतीया को भी मनाई जाती है। जानिए उनकी वीरता का इतिहास... परिवार : उनके पिता महाराणा उदयसिंह और माता जीवत कंवर या जयवंत कंवर थीं। वे राणा सांगा के पौत्र थे। महाराणा प्रताप को बचपन में सभी 'कीका' नाम लेकर पुकारा करते थे। राजपूताना राज्यों में मेवाड़ का अपना एक विशिष्ट स्थान है जिसमें इतिहास के गौरव बाप्पा रावल, खुमाण प्रथम, महाराणा हम्मीर, महाराणा कुम्भा, महाराणा सांगा, उदयसिंह और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने जन्म लिया है।

कुल देवता : महाराणा प्रताप उदयपुर, मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा थे। उनके कुल देवता एकलिंग महादेव हैं। मेवाड़ के राणाओं के आराध्यदेव एकलिंग महादेव का मेवाड़ के इतिहास में बहुत महत्व है। एकलिंग महादेव का मंदिर उदयपुर में स्थित है। मेवाड़ के संस्थापक बाप्पा रावल ने 8वीं शताब्दी में इस मंदिर का निर्माण करवाया और एकलिंग की मूर्ति की प्रतिष्ठापना की थी। दिल्ली की सल्तनत : प्रताप के काल में दिल्ली में मुगल सम्राट अकबर का शासन था, जो भारत के सभी राजा-महाराजाओं को अपने अधीन कर मुगल साम्राज्य की स्थापना कर इस्लामिक परचम को पूरे हिन्दुस्तान में फहराना चाहता था। 30 वर्षों के लगातार प्रयास के बावजूद महाराणा प्रताप ने अकबर की आधीनता स्वीकार नहीं की, ? जिसकी आस लिए ही वह इस दुनिया से चला गया। महाराणा की प्रतिज्ञा : महाराणा प्रताप ने भगवान एकलिंगजी की कसम खाकर प्रतिज्ञा ली थी कि जिंदगीभर उनके मुख से अकबर के लिए सिर्फ तुर्क ही निकलेगा और वे कभी अकबर को अपना बादशाह नहीं मानेंगे। अकबर ने उन्हें समझाने के लिए चार बार शांति दूतों को अपना संदेशा लेकर भेजा था लेकिन महाराणा प्रताप ने अकबर के हर प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया था।

महाराणा प्रताप की शक्ति और उनका घोड़ा : महाराणा प्रताप के पास उनका सबसे प्रिय घोड़ा 'चेतक' था। महाराणा प्रताप जिस घोड़े पर बैठते थे वह घोड़ा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ घोड़ों में से एक था। ऐसा कहा जाता है कि महाराणा प्रताप तब 72 किलो का कवच पहनकर 81 किलो का भाला अपने हाथ में रखते थे। भाला, कवच और ढाल-तलवार का वजन कुल मिलाकर 208 किलो था। राणा 208 किलो वजन के साथ युद्ध के मैदान में उतरते थे। सोचिए तब उनकी शक्ति क्या रही होगी

राज्याभिषेक : महाराणा प्रताप का राज्याभिषेक गोगुंदा में हुआ था। युद्ध की विभीषिका के बीच राणा उदयसिंह ने चित्तौड़ त्याग कर अरावली पर्वत पर डेरा डाला और वहां उदयपुर के नाम से नया नगर बसाया जो उनकी राजधानी भी बनी। उदयसिंह ने अपनी मृत्यु के समय भटियानी रानी के प्रति आसक्ति के चलते अपने छोटे पुत्र जगमल को गद्दी सौंप दी थी। जबकि, प्रताप ज्येष्ठ पुत्र होने के कारण स्वाभाविक उत्तराधिकारी थे। उदयसिंह के फैसले का उस समय सरदारों और जागीरदारों ने भी विरोध किया था।

# महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लें युवा पीढ़ी:-एडवोकेट अमित राणा

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर देश व कई प्रदेश में और विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र में 9 मई को महाराणा प्रताप की जयंती का कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। महाराणा प्रताप एक महान योद्धा थे। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को कुम्भलगढ़ दुर्ग में हुआ था। जिन्होंने देश के दुश्मनों के दांत खट्टे किए थे। उनके नाम से देश के दुश्मन कांपते थे। उन्होंने मुगलों के साथ लोहा लिया और भारत माता की रक्षा की। उनके जैसे वीर भारत के इतिहास में बहुत कम हुए है। जिन्होंने अपना सबकुछ गंवा कर भी भारत माता की रक्षा की। महाराणा प्रताप किसी एक के एक समाज के नहीं है। बल्कि पूरे राष्ट्र के महापुरुष है। अमित राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के महापुरुष हैं। उन्होंने सभी वर्गों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उनको किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं रखा जा सकता। क्षत्रिय समाज सभी वर्गों को साथ लेकर चले और समाज बांटने वालों को करारा जवाब दें। जब क्षत्रिय समाज अपने कर्तव्यों को समझे और उन पर अमल करे। महाराणा प्रताप ने देश की रक्षा के लिए सभी को साथ लेकर संघर्ष किया। उनका साथ हर वर्ग ने दिया। उन्होंने कहा कि राजपूत समाज अपना राष्ट्र धर्म निभाए। उसका जो कार्य है उसे ठीक से करे। पन्ना धाय ने राष्ट्रधर्म निभाते हुए अपने बेटे को राष्ट्र पर न्यौछावर कर दिया था। महाराणा प्रताप ने सर्वसमाज के लिए संघर्ष किया। उन्हें किसी जाति में नहीं बांधा जा सकता है। उन्हें अपनी कई रचना सुनाकर देश की एकजुटता का संदेश दिया। महाराणा प्रताप के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें देश की एकता व अखंडता के लिये कार्य करना चाहिए। हमारे वीर योद्धा आज की युवा पीढ़ी के मार्गदर्शक है।

## जनपद में अलर्ट जारी होते ही सुरक्षा सुरक्षा की दृष्टिगत थाना प्रभारी ने वाहनों की सघन चेकिंग की शुरू सुरक्षा में चूक नहीं बर्दाश्त/थाना प्रभारी विजय गुप्ता




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़/** पाकिस्तान के बहावलपुर में आतंकवादियों के ठिकानों पर भारतीय सेना के द्वारा की गई। ऑपरेशन सिंदूर स्ट्राइक के उपरांत देश के सभी राज्यों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसी क्रम में एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन में जनपद में सुरक्षा को लेकर जारी किए गए निदेर्शों का पालन करते हुए। बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने अपनी पुलिस टीम के साथ वाहनों की सघन चेकिंग कराई और अपनी पुलिस टीम को सख्त दिशा निर्देशित किया है कि सुरक्षा में चूक किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपनी-अपनी ड्यूटी के दौरान सभी पुलिस थाना क्षेत्र से जुड़ी सीमाओं पर सख्ती से वाहन चेकिंग करेंगे। जिसका नजर बाबूगढ थाना क्षेत्र से जुड़ी सीमाओं पर देखने को मिला है। जहां बाबूगढ़ पुलिस के जवान थाना क्षेत्र की बॉर्डर सीमाओं पर मुस्तैदी के साथ वाहनों की सघन चेकिंग करने के साथ एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के निर्देश का पालन करते नजर आए।

# समाजवादी पार्टी का विस्तार, कृष्ण मुरारी मैथिल बने युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/राधाकुण्ड।** मथुरा में रसातल की ओर जाती समाजवादी पार्टी ने 2027 को देखते यूपी के कई जिलों में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नियुक्त किए हैं. मथुरा में राधाकुण्ड निवासी कृष्ण मुरारी मैथिल को युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है. जिलाध्यक्ष बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओ ने उनका स्वागत किया... बृहस्पतिवार को राधाकुण्ड स्थित अपने आवास पर कृष्ण मुरारी ने कहा अखिलेश यादव की रीति नीतियों पर जनता के हित में काम करने की बात कही. उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश का युवा बेरोजगारी से आत्म दाह करने के लिए मजबूर है. पुलिस भर्ती मेडिकल में भ्रष्टाचार हो रहा है. फर्जी एनकाउंटर कर निर्दोष जेल में डाले जा रहे हैं. लेकिन अब मथुरा में उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई लड़ने का काम किया जाएगा... कृष्ण मुरारी ने भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाब पर बोलते हुए कहा कि विपक्ष ही नहीं बल्कि पूरा देश एकजुट होकर सरकार के साथ खड़ा है. वहीं उन्होंने मथुरा पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर बड़े सवाल खडे कर दिए. कृष्ण मुरारी ने कहा कि जिला प्रशासन सरकार के आदेश नहीं मानता ऐसा इस लिए कहना पड़ रहा है कि गृह मंत्रालय के आदेश के बाद भी जिले के विभिन्न कस्बाओं में बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से निवास कर रहे हैं, जो देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं.. इससे पहले गोवर्धन चकलेश्वर पर रह रहे बांग्लादेशी साधु भेष धारियों के खिलाफ शिकायत नैनी दास नामक संत कर चुके हैं... इस दौरान गौरव गोस्वामी, पोहप सिंह, कन्हैया वघेल, शिवम शर्मा, ब्रज किशोर केहरि, धीरज शर्मा, बलराम, हरीशचंद्र, राहुल, गिरधारी, प्रताप, हेमंत तंवर, गोविंद, अशरफ खान आदि उपस्थित थे....।

# वन स्टॉप सेंटर व पुलिस ने रोका वाल विवाह

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** वन स्टॉप सेंटर, पुलिस व बाल कल्याण समिति ने जिले में एक स्थान पर होने वाले बाल विवाह को विवाह होने से पूर्व परिजनों को कानूनी जानकारी देकर बालिक होने तक लड़की का विवाह नही करने, और जबरन नाबालिक का विवाह करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई होने की बात कहते हुए जल्द होने वाले बाल विवाह को रोका।

एक गांव में एक नाबालिक लड़की की शादी होने की सूचना मिलते ही वनस्टॉप सेंटर की टीम के साथ, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम मौके पर पहुंची।जहां बालिका का विवाह 17 वर्ष 10 माह की आयु में नौ मई को होना तय था। वन स्टॉप सेंटर बागेश्वर द्वारा बालिका तथा उसके परिजनों की काउंसलिंग बाल कल्याण समिति में सभी टीम द्वारा मिलकर की गई। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत होने वाली सजा तथा बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में नाबालिक के परिजनों को जानकारी दी गई। टीम द्वारा बालिका के परिजनों से शपथ पत्र भरवाया गया जिसके बाद बालिका के परिजनों द्वारा विवाह को बालिका के बालिग होने तक रोकने की बात कही गई। वन स्टॉप की षष्टी कांडपाल, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कैलाश सिंह बोरा, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी एसआई मीना रावत, प्रकाश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के सचिन शर्मा एडवोकेट बने विधिक सलाहकार



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़/** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के आदेश पर पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा के द्वारा एडवोकेट सचिन शर्मा को विधिक सलाहकार जनपद हापुड़ नियुक्त किया गया है। पंडित सचिन शर्मा अपने समाज के लिए सदैव निरंतर कार्य करते रहते हैं। और अपने ब्राह्मण समाज के हर सुख दुःख में उनको न्याय दिलाने में भी अपना पूरा सहयोग देते हैं। अखिल भारतीय ब्राह्मणमहा सभा (रा) रासंगठन इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता ह।और आशा करता है कि संगठन को जनपद हापुड़ में और मजबूत करेंगे। इस अवसर पर पंडित मनोहर लाल शर्मा पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने सचिन शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# वृक्षों के कटान को लेकर डी एम को शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की लगाई गुहार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बंगोली में ग्राम प्रधान के द्वारा बगैर किसी समाचार पत्र में निविदा सूचना जारी किए। वन विभाग से लगभग 16 बीघा शमशान की भूमि पर खड़े हरे वृक्षों के कटान को लेकर 20 वृक्षों के काटने की परमिशन ली गई। लेकिन ग्राम प्रधान के द्वारा अधिक पेड़ों का कटान कराने पर ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए जिला अधिकारी को शिकायत ही पत्र भेजकर मामले की जांच कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

आपको बता दें कि सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बंगोली निवासी विकास कुमार ने अपने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि ग्राम प्रधान के द्वारा गांव में शमशान की 16 बीघा भूमि पर खड़े हरे वृक्षों के कटान को लेकर 11/4/2025 को 20 पेड़ों की परमिशन कराई गई थी। लेकिन ग्राम प्रधान के द्वारा पेड़ों की नीलामी को लेकर किसी भी समाचार पत्र में बगैर निविदा सूचना जारी एवं गांव में बगैर खुली बैठक किए ही पेड़ों का कटान कराना शुरू कर दिया। जिसमें वन विभाग के द्वारा 20 पेड़ों की परमिशन की जगह अधिक पेड़ काटे जा चुके हैं। जबकि वन विभाग की परमिशन में स्पष्ट उल्लेख किया है कि जिस समय पेड़ों का पातन किया जाएगा। उस समय वन विभाग का अधिकारी मौके पर मौजूद रहेगा। लेकिन कोई भी वन विभाग का अधिकारी मौके पर नहीं था। जिसमें जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।

वही इस मामले को लेकर वन क्षेत्राधिकारी करण सिंह का कहना है कि घटनास्थल पर मौका मुआयना करने के लिए टीम को भेजा गया है। और मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## लखनऊ में आबकारी नियमों की खुली अवहेलना:- विभागीय चुप्पी




**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कृष्णा नगर, हनीमून चौराहे के पास बघा मऊ गोमती नगर तथा संकल्प वाटिका अशोक मार्ग पर अवैध रूप से शराब बिक्री का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। यह गंभीर मामला तब और चिंताजनक बन जाता है जब यह स्पष्ट रूप से देखा गया कि क्षेत्र में स्थापित सरकारी देसी शराब ठेकों से प्रातः10:00 बजे से पहले और रात्रि 10:00 बजे के बाद भी शराब की बिक्री चोरी-छिपे जारी है– जो कि सीधे तौर पर उत्तर प्रदेश आबकारी नियमावली का उल्लंघन है। इससे न केवल अवैध माफियाओं के हौसले बुलंद हो रहे हैं, बल्कि यह भी संदेह उत्पन्न होता है कि कहीं विभागीय मिलीभगत तो नहीं? उत्तर प्रदेश आबकारी नियमों के अनुसार शराब की बिक्री केवल निर्धारित समयावधि – प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक – के भीतर ही की जा सकती है। लेकिन कई क्षेत्रों में सुबह 6:00 बजे से ही शराब बिक्री शुरू हो जाती है और देर रात तक यह सिलसिला जारी रहता है। हनीमून चौराहे के निकट यह स्थिति विशेष रूप से गंभीर है। इन घटनाओं से क्षेत्रीय जनता में आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि शराब की अवैध बिक्री से न केवल युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है बल्कि क्षेत्र में अपराध भी बढ़ते जा रहे हैं। स्थानीय सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि आबकारी विभाग के अधिकारियों, विशेषकर निरीक्षकों की भूमिका की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। इस पूरी स्थिति में विभाग की चुप्पी और निरीक्षकों द्वारा कार्रवाई न करना कई सवाल खड़े करता है। यदि आबकारी विभाग की ओर से शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो यह माफिया ताकतवर होकर आगे और बड़े पैमाने पर कानून व्यवस्था को चुनौती दे सकते हैं। जिला आबकारी अधिकारी मैं कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# 82 लाख का एस्टीमेट बना नगर पालिका ने कब्जाधारकों को दिया मलकाना हक

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** नगर पालिका उकलाना द्वारा सविंद्र फर्नीचर हाउस से श्री आदिश्वर जैन हाई स्कूल तक नगर पालिका द्वारा फुटपाथ तथा सौंदर्यकरण की योजना के लिए लगभग 82 लाख रुपए का एस्टीमेट बनाया। जिस पर ठेकेदार द्वारा काम किया गया। सूत्र बताते हैं कि यह चम्मन फुट की चौडी सड़क है लेकिन कहीं यह 24 फुट दिखाई दे रही है तो कहीं और कम है।

सूत्र तो यह भी बताते हैं कब्जा धारकों को मालिकाना हक देने के लिए नगर पालिका ने सौंदर्य करण के नाम पर यह 82 लाख रुपए का एस्टीमेट बनाया और ठेकेदार द्वारा भी मनमानी तरीके से काम करने की छूट दी गई। हालांकि पार्षदों द्वारा भी आरोप लगाए गए कि एस्टीमेट के अनुरूप काम नहीं हो रहा। फुटपाथ जो बनाया गया है कहीं तीन फीट है तो कहीं एक फुट है। जिस सौंदरीकरण के नाम पर फुटपाथ बनाया गया और काफी समय तक लोगों को परेशान किया गया उस फुटपाथ का उपयोग आज है ही नहीं क्योंकि जैसे पहले वहां अपनी दुकानों के आगे पैडी बनी हुई थी वैसी ही फुटपाथ को नीचे दबकर अब बना दी गई है। तो लोगों का कहना है कि उस पैसे का दुरुपयोग नगर पालिका ने क्यों किया? जबकि स्थानीय दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे इंटरलॉक या आरसीसी के माध्यम से पक्का किया हुआ था। जबकि इसी अप्रोच रोड पर जहां सौंदर्य करने का काम किया गया है अनेक स्थानों पर गड्ढे हैं वहां सीमेंट लगाना तो दूर मिट्टी तक भी नहीं डाली गई और प्रतिदिन कोई ना कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है इस बारे अनेक बार नगर पालिका को भी अवगत करवाया जा चुका है लेकिन किसी के कानों में कोई जू नहीं रेंग रही। हालांकि नगर पालिका को ठेकेदार ने अपने बिल भी सबमिट किए हैं जिस पर उच्च अधिकारियों को पेमेंट दिए जाने के लिए सिफारिश की गई है वहीं पार्षदों ने भी पेमेंट न दिए जाने को लेकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई है। पार्षद अरुण गोयल ने कहा कि एस्टीमेट के अनुरूप कोई काम नहीं हुआ और जो यह काम हुआ है अनेक जगह गड्ढे बन चुके हैं जिस कारण अनेक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। मामले की जांच के लिए कार्यकारी अभियंता तथा सचिव को लिखित शिकायत दी जा चुकी है। नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष हरीश गर्ग ने कहा जनता के खून पसीने की पैसे कमाई को नगर पालिका बर्बाद करने में लगी हुई है जो एस्टीमेट था उसके अनुरूप 10% भी काम नहीं हुआ इसी एप्रोच रोड के बीच में कई जगह गड्ढे हैं वहां सिमेंट का मिसाला तो दूर मिट्टी तक नहीं डाली गई जो आज भी दुर्घटनाओं को जन्म दे रहे हैं। नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता नवदीप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि 90% से ज्यादा काम उनके आने से पूर्व हो चुका था एस्टीमेट में एक पांच दस था उसकी बजाए सुखा रोड़ा डाला है रोड रोलर के लिए जगह पर्याप्त नहीं थी टूट की जगह मेरे संज्ञान में नहीं आती है तो उसको ठीक करवा दिया जाएगा। नगर पालिका उपाध्यक्ष सतवंत सिंह ने कहा कि फुटपाथ पर फिर से पैड़ी बनाकर लोगों ने कब्जा कर लिया है जिसकी जानकारी नगर पालिका सचिव को दी है लेकिन सचिव कोई कार्रवाई नहीं कर रहा जो अनियमिताएं इस सौंदर्य करने के नाम पर हुई है उसको छुपाने का काम किया जा रहा है।

नगर पालिका के में जो उच्च अधिकारियों से जांच के लिए प्रस्ताव पारित हुआ है उस उपरांत कोई कमेटी अभी तक गठन नहीं हुआ।

# ड्रग्स माफिया पर शिकंजा कसने की तैयारी, सामाजिक संगठनों ने भरी हुंकार, पुलिस के साथ की बैठक

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** सदर बाजार क्षेत्रांतर्गत कैंट स्थित रजबन में अवैध झुग्गी झोपड़ियों में नशे का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। लेकिन अवैध के चलते नारकोटिक्स विभाग ही नहीं थाना पुलिस भी आंख मूंदे है। बीते बुधवार को राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक वीर अर्जुन में हुई प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला तथा चौकी प्रभारी ने आम लोगों से अपील प्रकाशित हुई कि नशा माफिया के विरुद्ध पुलिस को सहयोग करें। बुधवार को रजबन में इसी संदर्भ में भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर नरेश सिंह द्वारा अपने आवास पर एक बैठक बुलाई जिसमें चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर निर्मल शाही के साथ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा अवैध रूप से मादक पदार्थ एवं नकली शराब की बिक्री पर पाबंद लगाने व माफियाओं पर शिकंजा कसने की रुप रेखा तैयार की गई तथा पुलिस को पूर्ण रूप से सहयोग का आश्वासन दिया??। श्री ठाकुर ने कहा शीघ्र ही मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त दोषियों पर उचित कार्रवाई करके उन्हें सजा दिलवायेंगे उनका संगठन पुर्ण रूप से पुलिस का सहयोग करेगा। इस अवसर पर ज्ञानचंद, ओमचंद राकेश सिंह जी आनंद कुमार प्रवीण कुमार मुकेश अश्वनी कुमार उदय प्रताप व मनीष कुशवाहा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने महिला परामर्श केंद्र, थाना साइबर क्राइम, थाना एएचटीयू आदि का निरीक्षण किया

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित महिला परामर्श केंद्र, थाना साइबर क्राइम, थाना एएचटीयू, आगंतुक कक्ष, निमार्णाधीन क्रेंच आदि का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के आधार पर चयन प्रक्रिया के अगले चरण में अभ्यार्थियो के ₹चिकित्सा परीक्षण व चरित्र सत्यापनह्व प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के द्दष्टिगत रिजर्व पुलिस लाईन स्थित परीक्षण केंद्र का भ्रमण-निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक राम प्रवेश राय, प्रतिसार निरीक्षक,पेशगार पुलिस अधीक्षक हाथरस आदि अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा अभिलेखों को चैक किया गया तथा साफ-सफाई रखने एवं राजकीय कार्य समय से सम्पादित करने व कार्यालय रिकोर्ड को अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। साथ ही प्रतिसार निरीक्षक को व्यवस्थाओं को और बेहतर करने व नियमित साफ-सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया। इसी क्रम मे एसपी द्वारा मेडिकल व चरित्र सत्यापन प्रक्रिया के निरीक्षण के दौरान गठित टीम के अधिकारी-कर्मचारीगण को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी गाइड्?लाइन से अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात मेडिकल व चरित्र सत्यापनह्व हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों से वार्ता की गई तथा उनको बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# हेलीकॉप्टर हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत, बरेली की मां-बेटी भी शामिल

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद में एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें चारधाम यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को लेकर जा रहा एक हेलीकॉप्टर गंगोत्री से यमुनोत्री के बीच रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दर्दनाक हादसे में कुल छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में उत्तर प्रदेश के बरेली जनपद की दो महिलाएं जिनमें 79 वर्षीय राधा अग्रवाल और उनकी बेटी रुचि अग्रवाल भी शामिल हैं। दोनों वर्तमान में मुंबई में निवास कर रही थीं और चारधाम यात्रा पर निकली थीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्री चारधाम यात्रा के अंतर्गत गंगोत्री दर्शन के पश्चात यमुनोत्री की ओर रवाना हुए थे। उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद तकनीकी खराबी के कारण हेलीकॉप्टर असंतुलित हो गया और उत्तरकाशी के दुर्गम इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और आपदा राहत बल (रऊफऋ) की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। बरेली निवासी राधा अग्रवाल, जोकि आलमगिरि गंज मोहल्ले की मूल निवासी थीं, अपनी बेटी रुचि अग्रवाल के साथ धार्मिक यात्रा पर निकली थीं। रुचि पेशे से केमिकल इंजीनियर थीं और वर्तमान में मुंबई में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत थीं। हादसे की खबर मिलते ही बरेली और मुंबई में परिजनों में कोहराम मच गया। उत्तराखंड प्रशासन ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी को कारण माना जा रहा है, हालांकि विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। मुख्यमंत्री ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

# नवागत थाना प्रभारी का हुआ जोरदार स्वागत

**वेलकम इंडिया**









बुलंदशहर/औरंगाबाद/नवागत थाना प्रभारी वरुण शर्मा का सहकर्मियों, मीडिया और गणमान्य लोगों ने जोरदार स्वागत किया। लाइन भेजे गए निवर्तमान थानाध्यक्ष नितीश भारद्वाज को भाव पूर्ण विदाई दी गई।

थाना प्रभारी के रूप में गुरुवार को अपनी पारी शुरू करने पहुंचे नव नियुक्त थानाध्यक्ष वरुण शर्मा का थाने पर जोरदार स्वागत किया गया। सभी का आभार व्यक्त करते हुए उन्होने अपराध नियंत्रण और कानून का शासन सुचारू रूप से चलाने में सभी का सहयोग मांगा और कहा कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति किसी भी समय थाने पर अपनी समस्या लेकर मुझसे मिल सकता है। हर पीड़ित को न्याय दिलाने का भरसक प्रयास किया जायेगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा लाइन भेजे गए निवर्तमान थानाध्यक्ष नितीश भारद्वाज को भी गणमान्य लोगों और सहकर्मियों ने माल्यार्पण कर भाव भीनी विदाई दी। नितीश भारद्वाज ने लोगों से मिले सहयोग और स्नेह के लिए आभार जताया। इस अवसर पर सपा जिला सचिव शहाजुद्दीन मेवाती उर्फ भूरा मेवाती, सभासद फिरोज सैफी, पूर्व सभासद नईम कुरैशी, हेमंत गुप्ता,बौबी शर्मा ,अनेक ग्राम प्रधान, मीडिया से जुड़े राजीव शर्मा रोहित गुप्ता वरिष्ठ उपनिरीक्षक मुनेंद्र कुमार एस आई अकरम खान एस आई दानिश रजा खान एस आई अंकित यादव एस आई स्वदेश कुमार एस आई शोभिंद्र कुमार हैडमौहरिर्र अमित हैड कांस्टेबल गौरव कुमार सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# पीओके और कराची को भारत में मिलाए सेना

**वेलकम इंडि**

भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया जिसमें कुछ आतंकी भी मारे गए जो आतंकी मारे गए पाकिस्तान ने उन्हें अपने राष्ट्रीय ध्वज में लपेटा और सैनिकों ने उन्हें कंधा दिया उनका जनाजा और दफन सैनिक सम्मान के साथ किया गया इससे सिद्ध हो गया कि पाकिस्तान की सेना और सरकार आतंकियों को पालती है ये नजारा पूरे विश्व ने देखा पाकिस्तान को आर्थिक सहायता देने वाली विश्व की विभिन्न संस्थाओं को तय करना चाहिए कि वे पाकिस्तान को जो आर्थिक सहायता दे रहे हैं क्या उन्हें वह देनी चाहिए ? आतंकी ठिकाने ध्वस्त होने के बाद भी पाकिस्तान की सेना जम्मू कश्मीर में सीमा पर गोलीबारी लगातार कर रही है जिसमें कुछ भारतीय सैनिक और नागरिक भी मारे गए हैं पाक भारतीय सैनिक हवाई अड्डों पर आक्रमण करने की कोशिश कर रहा है जिसे भारतीय सेना ने नाकाम किया है अब भारत को चाहिए कि पाकिस्तान में हाफिज सईद जैसे जितने भी आतंकी जहां भी, मस्जिद चाहे मदरसे में या अस्पताल में छुपे हुए हैं, उनको खत्म करने के लिए प्रहार करें पाकिस्तान के परमाणु बमों के अड्डों पर प्रहार करें आई एस आई के अड्डे को उड़ा दे पीओके को अपने कब्जे में ले ले कराची बंदरगाहों को भी नष्ट कर उसे अपने कब्जे में ले कराची को भी कब्जे में ले ले तुर्की के जहाज को नष्ट कर दे पाकिस्तान कुत्ते की दुम हैं जो कभी सीधी नहीं हो सकती इसे काटना ही होगा इसलिए इस बार पाकिस्तान को चार टुकड़ों में बांटकर हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाए जिससे हम भारतीय अमन चैन से रह सके।

# सभासद अभिषेक राज ने ब्यास गद्दी की पूजा अर्चना कर भागवत कथा का किया समापन



**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस।** शहर के जलेसर रोड विक्रांत नगर कालोनी स्थित कुआँ वाले महादेव मंदिर पर 2 मई से चल रही श्रीमद भागवत कथा समापन पर वार्ड 13 सभासद अभिषेक राज ने ब्यास गद्दी की पूजा अर्चना कर जलेसर से आये कथा ब्यास रामकुमार शास्त्री का फूलमाला व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया था, आयोजक राजेश कुमार देव कुमार ने सभासद अभिषेक राज का पटका व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया था।कथा व्यास रामकुमार शास्त्री ने व्यासपीठ पर विराजमान होकर भागवत कथा का श्रवण कराया। भजनों की प्रस्तुति से भक्तगण आत्मविभोर होकर झूम उठे। सभासद ने कहा कि कथा का श्रवण करने से समाज में व्याप्त अत्याचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण होता है। इस मौके पर देव कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, आशीष कुशवाहा, लव कुश राकेश, दौजी राम कुशवाहा, कलेक्टर साहब सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पुलिस ने छात्राओं को पढ़ाया आप्रेशन जाग्रति का पाठ

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति फेज-4 अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार द्वारा यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत श्रीमती सुरजोबाई साह बालिका इण्टर कॉलेज में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिला एवं बालिकाओं व आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई।पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाए गए कानूनों के दुरूपयोग व फॉल्स केसेस, लव रिलेशनशिप के प्रति परिवारों किशोर व किशोरियों को सचेत करना, महिलाओं का घरेलू हिंसा से बचाव, साइबर हिंसा के प्रति जागरूकता।, युवाओं में नशे के दुष्परिणामों से बचाव, पारिवारिक विघटन, आपरेशन जागृति फेज-04 अभियान की सहायता से महिलाओं/बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी। प्रायः यह देखने में आ रहा है कि पारिवारिक विवाद-पारस्परिक भूमि विवाद का यथोचित समाधान नहीं दिखने पर अपराधिक घटनाओं में महिला सम्बन्धी अपराधों को जोड़ दिया जाता है। इस अभियान से इस प्रकार गलत रिपोर्टिंग के मामलों में भी कमी आयेगी।

# पहलगाम पर मौन पाकिस्तान पर काऊं काऊं ऑन - दिव्य अग्रवाल

**वेलकम इंडिया**



पहलगाम में जब भारतीयों की हत्याएं की गयी तो बहुत से बुद्धिजीवी मौन थे और जिहादी मानसिकता वाले खुश थे इतना ही नहीं जब विरोध पूर्वक पाकिस्तान के झंडे को सड़को पर लगाया गया तो भारत में रहने वाले कुछ मुसलमान ऐसे भी थे जिन्होंने पाकिस्तानी झंडे को सड़क पर से हटा दिया था आज जब भारत अपने नागरिको की मौत का बदला प्रचंड तरीके से ले रहा है तो बुद्धिजीवी कौओं ने काऊं काऊं कर शान्ति का राग अलापना प्रारम्भ कर दिया है लेकिन यह नया भारत है जो किसी भी षड्यंत्र का उत्तर सशक्त प्रहार के माध्यम से देगा। कुछ जिहादी मानसिकता वाले लोग जो पहलगाम पर खुश थे, विश्वास कीजिए वो लोग भारत की सैन्य और शस्त्र शक्ति से भयभीत होकर ऑपरेशन सिन्दूर के चित्र अपने अपने सोशल मीडिया पर लगा रहे हैं। भारत ने पुरे विश्व को दिखा दिया है की राष्ट्रद्रोही देश के अंदर हो या बाहर किसी को भी छोड़ा नहीं जाएगा। अब तो राष्ट्र प्रेमी भारतीय कहने लगे हैं की जिस परिवार ने भारत भूमि का विभाजन कर मजहबी चरमपंथ के रूप में पाकिस्तान को जन्म दिया था आज समय है की उस जमीन को असंख्य भागो में विभाजित कर आतंकी विचारधारा का समूल नाश कर देना चाहिए।

# कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने ढाणी प्रेम नगर सडक एवं उपमंडल अभियंता कार्यालय तथा स्टोर के नये भवन का किया उद्घाटन

**वेलकम इंडिया**

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने वीरवार को हिसार जिले के बरवाला क्षेत्र में ढाणी प्रेम नगर सडक एवं लोक निर्माण विभाग कार्यालय परिसर में उपमंडल अभियंता कार्यालय तथा स्टोर के नये भवन का विधिवत उद्घाटन किया।

163.51 लाख रुपये की लागत से उपमंडल अभियंता कार्यालय तथा स्टोर के नये भवन बनने से विभागीय कार्यों में गति आएगी और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।



इसके अलावा एनएच-65 से ढाणी प्रेम नगर तक सडक के निर्माण कार्य की शुरूआत कर क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया, इससे आवागमन और परिवहन की सुविधा में बड़ा सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि बरवाला क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और आने वाले समय में भी क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अनेक परियोजनाएं आरंभ की जाएंगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंमुखी विकास की बुनियाद मजबूती से रखी जा रही है। जब से उन्होंने बरवाला क्षेत्र से विधायक के रूप में शपथ ली है, उनकी प्राथमिकता रही है कि क्षेत्र की हर समस्या को प्राथमिकता से हल किया जाए। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बरवाला क्षेत्र के किसी भी नागरिक को मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। विकास कार्यों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने मौके पर जनसुनवाई कर आम नागरिकों की समस्याएं भी सुनी और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की दूरदर्शिता और जनहितैषी सोच से आज हरियाणा के गांव, शहर, उद्योग और कृषि क्षेत्र नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हैं। सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत ढांचे के विकास में जो गति वर्तमान सरकार ने दी है, उसकी मिसाल पूरे देश में दी जा रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित हरियाणा-समृद्ध हरियाणा का सपना साकार हो रहा है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार निरंतर नई योजनाओं और कल्याणकारी नीतियों को लागू कर प्रदेश के नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश बैटरी वाला ,अनिल नरवाल कार्यकारी अभियंता, रण सिंह उपमंडल अभियंता, विनोद कुमार जेई , विवेक कुमार जेई, साहिल वर्मा जेई, विशाल जेई , रिंकू , सुनील कुमार , सुभाष वर्क सुपरवाइजर , जसवंत वर्क सुपरवाइजर , सीताराम वर्क सुपरवाइजर ,मंडल अध्यक्ष मोनू संदूजा , सुरेश गोयल मंडल महामंत्री , मंडल मीडिया प्रभारी राजेश सलूजा, पूर्व पार्षद रामकेश बंसल, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, पार्टी जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

## जिला मजिस्ट्रेट ने 08 व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस को किया निरस्त

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के शस्त्र लाइसेंसी जो आपराधिक क्रिया–कलाप में लिप्त होने एवं शस्त्र अनुज्ञा–पत्र की शर्तो का उल्लंघन करने के दोषी पाये गये 08 व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस को जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने निरस्त कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने थाना लीलापुर ग्राम पतुलकी के राजेश्वर उर्फ सुनील मिश्रा पुत्र उपेन्द्र मिश्रा के शस्त्र एनपी बोर राइफल, थाना बाघराय कोर्रही के अमर बहादुर सिंह पुत्र फतेह बहादुर सिंह के शस्त्र डीबीबीएल व ग्राम छेउंगा के केशव प्रसाद पुत्र नोखे लाल के शस्त्र एसबीबीएल, थाना जेठवारा मिश्रपुर तरौल के मुख्तार अली पुत्र उस्मानी अली के शस्त्र एनपी बोर राइफल, थाना संग्रामगढ़ ग्राम भरतपुर के प्यारे लाल पुत्र तेजी लाल के शस्त्र एसबीबीएल, थाना आसपुर देवसरा ग्राम भवसरनपुर के पवन कुमार मिश्रा उर्फ पिण्टू पुत्र राम कैलाश के शस्त्र एनपी बोर रिवाल्वर, थाना अन्तू जैतीपुर कठार के मकसूद पुत्र मुख्तार अहमद के शस्त्र एनपी बोर रिवाल्वर व थाना कोतवाली नगर ग्राम तेलिया चौराहा के मो0 हुसाम पुत्र अब्दुल जब्बार के शस्त्र एन0पी0 बोर पिस्टल को निरस्त कर दिया है।

# विश्व हीमोफीलिया दिवस पर जागरूकता एवं सम्मान समारोह

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




मेरठ विश्व हीमोफीलिया दिवस 2025 के अवसर पर आई ड्रीम टू ट्रस्ट और एल.एल.आर.एम. मेडिकल कॉलेज, मेरठ ने संयुक्त रूप से एक जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य था झ समाज में हीमोफीलिया जैसे रक्त विकार के प्रति समझ और सहानुभूति को बढ़ावा देना तथा प्रभावित बच्चों और युवाओं को प्रोत्साहित करना। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. आर.सी. गुप्ता (प्राचार्य, एल.एल.आर.एम. मेडिकल कॉलेज) ने इस अवसर पर कहा, हीमोफीलिया केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि एक चुनौती है जिसे सही मार्गदर्शन, उपचार और संवेदनशीलता के साथ जीता जा सकता है। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अभा गुप्ता, डॉ. प्रीति सिन्हा, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. धीरज राज बलियान, डॉ. योगिता सिंह और डॉ. नवतरत्न गुप्ता ने अपनी-अपनी विशेषज्ञता से जुड़ी बातें साझा कीं। मुख्य सत्रों में प्रस्तुत हुए विचारः डॉ. अनुपम निराला ने हीमोफीलिया प्रबंधन की आधुनिक पद्धतियों पर प्रकाश डाला। डॉ. अमृता प्रभात ने बाल रोगियों में हीमोफीलिया की देखभाल को लेकर गहन जानकारी दी। ईवा स्कॉट ने फिजियोथेरेपी की भूमिका को लेकर व्यावहारिक सुझाव दिए। राजन चौधरी, फाउंडर झ आई ड्रीम टू ट्रस्ट, ने नई चिकित्सा पद्धतियों और जीवनशैली सुधारों के बारे में बताया, जो हीमोफीलिया के इलाज को अधिक प्रभावी बना सकते हैं। कार्यक्रम की विशेष झलकियाँः एमबीबीएस छात्रों द्वारा बनाई गई चित्रकला में से चुनिंदा रचनाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने इस संवेदनशील विषय पर सुंदर अभिव्यक्ति दी। हीमोफीलिया से ग्रसित बच्चों द्वारा बनाई गई कला कृतियों को न सिर्फ मंच दिया गया, बल्कि उन्हें उपहार भेंट कर उनके आत्मविश्वास को भी सम्मानित किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. योगिता सिंह और सह-नोडल अधिकारी डॉ. नवरत्न गुप्ता ने बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में डॉ सिद्धार्थ, डॉ० दीपक, डॉ० सुमित आदि का विशेष सहयोग रहा।

# नवागत मुख्य आयकर आयुक्त का किया गया स्वागत



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** आयकर विभाग के मुख्य आयकर आयुक्त के पद पर अनीता सिन्हा ने कार्यभार संभाल लिया है। उनके आगमन पर इन्कम टैक्स बार एसोसिएशन ने उनका स्वागत किया। नवागत मुख्य आयकर आयुक्त अनीता सिन्हा इससे पूर्व मानव संसाधन मंत्रालय में कार्यरत थीं। बार प्रतिनिधि से पहली मुलाकात में उन्होंने समाजसेवा के कार्यों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि सभी लोगों को ऐसे कार्यों में विशेष रुचि लेनी चाहिए, जिससे समाज का हित हो सके। बैठकों व अन्य कार्यक्रमों में इस पर चर्चा होनी चाहिए। इससे पूर्व आईटीबीए के पदाधिकारियों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। मुख्य आयकर आयुक्त से मुलाकात करने वालों में अध्यक्ष अखिल रस्तोगी, सचिव मुकेश कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष गगन मेहरोत्रा, संयुक्त सचिव विवेक शर्मा तथा आईटीओ राजीव मिश्रा शामिल रहे।

## कलयुगी पुत्र के विरुद्ध पीड़ित पिता ने की कार्रवाई की मांग

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान निवासी एक व्यक्ति ने अपने पुत्र पर मारपीट कर घर से निकलना एवं घर का सामान क्षतिग्रस्त करते हुए पीड़ित सहित उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फंसने की धमकी देने का आरोप लगाते ही आरोपी पुत्र के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है। गुरुवार को मोहल्ला मिर्दगान निवासी किशन लाल ने बताया कि उसका पुत्र गलत संगत में पड़कर कुछ आवारा किस्म के लोगों के साथ घूम रहा है। आरोपी पुत्र ने पीड़ित व उसकी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया, पीड़ित अपने बड़े पुत्र के साथ दिल्ली में रह रहा है।आरोपी ने घर में तोड़फोड़ करते हुए सामान क्षतिग्रस्त कर दिया है। पीड़ित ने आरोपी पुत्र के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर जाना माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## सरकारी अस्पताल का सामान उठा कर ले जाने का आरोप

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गंगेरू सामुदायिक उपकेन्द्र के सामान पर कब्जा करने के मामले में चिकित्सक प्रभारी ने थाने पर तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर सरकारी सामान को वापस दिलवाएं जाने की मांग की है।

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डा रामबीर उपाध्याय ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि सरकार की योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए गंगेरू में उपकेन्द्र मौ0 सैफुल से किराएं पर लिया था, उक्त उपकेन्द्र में गर्भवती महिलाओं का परीक्षण, प्रसव, टीकाकरण के साथ अन्य महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना लक्ष्य था, जिसके लिए सभी सरकारी मशीने व अन्य उपकरण किराएं पर लिए गए उपकेन्द्र पर भिजवा दिए गए थे।

# जिलाधिकारी का औचक निरीक्षण:बीएसए ऑफिस की हालत देख फूटा गुस्सा, नई किताबें लाने के निर्देश

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर की जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, पॉलिटेक्निक, सीतापुर नेत्र चिकित्सालय और दुष्यंत पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया।बीएसए कार्यालय की स्थिति चिंताजनक पाई गई। पुस्तकालय में बैठने की जगह नहीं थी। कमरों में मकड़ी के जाले और जर्जर फर्श मिला। डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अनावश्यक अलमारी हटाने और बैठने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध कराने को कहा।पॉलिटेक्निक कॉलेज में कंप्यूटर कक्ष और कार्यशाला की व्यवस्था संतोषजनक थी। एलईडी का परीक्षण सफल रहा। सत्र समाप्त होने के कारण विद्यार्थी अनुपस्थित थे। सीतापुर नेत्र चिकित्सालय में दवाओं की उपलब्धता और ओपीडी रजिस्टर की जांच की गई। सभी अभिलेख अद्यतन थे। होम्योपैथिक डिस्पेंसरी की व्यवस्था भी ठीक मिली।दुष्यंत लाइब्रेरी में डीएम ने अध्ययनरत बच्चों से बातचीत की। पुरानी किताबों के स्थान पर नई और प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पुस्तकालय के तीनों कक्षों में सफाई व्यवस्था उचित थी।निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव और नायब तहसीलदार मुहम्मद फैसल मौजूद रहे।

# आवारा सांड ने पटक- पटक कर बुजुर्ग को उतार दिया मौत के घाट

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**



**बरेली।** शौच से लौट कर घर आ रहे एक 80 वर्षीय बुजुर्ग पर आवारा सांड ने हमला कर दिया, सांड ने बुजुर्ग को पटक पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जब तक आसपास के लोगों ने बुजुर्ग को बचाने का प्रयास किया तब तक बुजुर्ग बेहोस हो चुके थे। जिसके बाद उन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई।

जनपद पीलीभीत के थाना बीसलपुर के गांव गोवलवोतीपुरा निवासी 80 वर्षीय लेखराज के नाती परमेश्वर वर्मा ने बताया है कि गुरुवार सुबह 6 बजे वह शौच को गए थे। वापस आते समय उन पर आवारा सांड ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें घायल अवस्था में सीएचसी सेंटर में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उन्हें बीसलपुर में स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, वहां से उन्हें बरेली रेफर कर दिया। बरेली के जिला अस्पताल में उन्होंने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

जब इसका पता मृतक के परिजनों को चला तो परिवार में कोहराम मच गया। इस घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना में आवारा सांड ने लेखराज पर हमला करने से पहले गांव के ही तीन अन्य लोगों पर भी हमला कर दिया था।

## तेज रफ्तार इक्को कार ने बाइक को मारी टक्कर, तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** नहटौर थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा कोतवाली रोड पर स्थित फुलसंदा गांव के पास हुआ, जहां सामने से आ रही एक तेज रफ्तार इक्को कार ने बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। मिली जानकारी के अनुसार, तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर स्यालु नंगला गांव मजदूरी के लिए जा रहे थे। फुलसंदा गांव के समीप कोतवाली की ओर से आ रही कार ने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नूर शाह (60 वर्ष) निवासी फरीदपुर, सईद (50 वर्ष) निवासी मेहमूदपुर कामिल और नूर आलम (27 वर्ष) निवासी निजातपुरा के रूप में हुई है। हादसे के बाद मृतकों के घरों में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। टक्कर के बाद इक्को कार भी पलट गई, जिससे उसमें सवार लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी धीरज सिंह ने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# नि:शुल्क दिव्यांग व रक्तदान शिविर का आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर विश्व रेड क्रॉस सोसाइटी दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी बिजनौर द्वारा निःशुल्क दिव्यांग सहायक उपकरण वितरण शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

ब्रहस्पतिवार को इन्दिरा बाल भवन बिजनौर में आयोजित निःशुल्क दिव्यांग शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर द्वारा किया गया तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र सिंह रहे। जिलाधिकारी द्वारा दिव्यागों से बात चीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। कानपुर से आई भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर की टीम द्वारा दिव्यांगजन की पात्रता की जांच की गयी एवं पात्र दिव्यांग का आनलाइन पंजीकरण मौके पर ही किया गया। शिविर में 78 दिव्यांगों की परीक्षण किया गया।दिव्यांगजन का पंजीकरण किया गया । रेड क्रॉस सोसाइटी दिवस पर बिजनौर रेडक्रास सोसायटी द्वारा जिला चिकित्सालय बिजनौर के ब्लड बैंक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 39 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर, जितेंद्र चौधरी, डा सुबोध चन्द्र शर्मा, रोबिन कुमार, सुनील कुमार, डा विशाल,योगेश ठाकुर, डा नरेन्द्र सिंह, सहदेव, रामनाथ सिंह, ज्ञान्दुल तोमर, टीकम सिंह, विपुल शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# मकान विवाद का निपटारा करने के लिए बुलाई गई पंचायत में मारपीट

**वेलकम इंङ्गिया**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव आल्दी में विवादित मकान का निपटारा करने के लिए बुलाई गई पंचायत में दो पक्षों के बीच कहासुनी होने के बाद मारपीट हो गई मारपीट में दोनों पक्षों में जमकर लास्ट संडे चले दोनों भक्तों के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव आल्दी निवासी बाबू ने अपना एक मकान गांव के ही मतलूब को चार लाख पचास हजार रुपए रुपए में बेचा था। मकान खरीदने वाले व्यक्ति ने मकान मालिक को बयाने के तौर पर कुछ रुपए देते और बाकी कुछ दिन बाद देने का वायदा किया था। आरोप है कि बाबू ने अपना वादा तोड़कर मकान किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। वादा तोड़कर मकान बेचने पर दोनों पक्षों के लोगों की गत दिवस बुधवार की देर शाम निपटारा करने के लिए पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत में दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी होने पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई मारपीट के दौरान पंचायत में गए अन्य व्यक्ति अनीश पुत्र अली हसन को गंभीर चोट लग गई। बाबू पक्ष की ओर से नदीम, व शाहिद गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है।

# रेलवे ट्रैक पर दो टुकड़ों में पड़ी मिली महिला की लाश

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना रेलवे फाटक के समीप एक वृद्ध महिला का शव दो टुकड़ों में पड़ा मिला रेलवे ट्रैक पर महिला का शव पड़ा होने पर जीआरपी पुलिस और थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि बुढ़ाना रेलवे फाटक के समीप रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव ट्रेन से कट कर दो टुकड़ों में कटा पड़ा है। महिला के शव पडा होने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला के शव को कब्जे में लिया। मौके पर आसपास के खेतों पर काम कर रहे किसान भी पहुंच गए पुलिस ने महिला के पास से मिले पहचान पत्र से शिनाख्त शामली निवासी 45 वर्षीय संतरेश के रूप मे की पुलिस के अनुसार महिला का शव दो टुकड़ों में पड़ा मिला है जिसकी सूचना पुलिस विभाग ने शामली जीआरपी पुलिस को दी सूचना पर जी आर पी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और महिला के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण करते हुए जांच पड़ताल की। उप निरीक्षक विनोद कुमार का कहना है कि घटनास्थल पर जिस तरह से महिला दो टुकड़ों में पड़ी मिली है आशंका जताई जा रही है कि महिला ने आत्महत्या की है। मृतक महिला के परिजनों को जानकारी कर सूचना दी जा रही है। परिजनों की तहरीर आने पर मृतक महिला की मौत के कारणो का पता चल पाएगा।

# आप्रेशन सिंदूर पर हाथरस में गहरा जश्न, भारतीय सेना को जय हिंद, लाहौर में घुसकर बम बरसाओ हम तुम्हारे साथ है

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**




**हाथरस।** वीर योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर और पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने वाली भारतीय सेना के सम्मान में फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के ओनर डाँ विकास शर्मा के द्वारा हाथरस शहर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद हाथों में तिरंगा थाम वंदेमातरम, भारत माता की जय, भारतीय सेना आगे बढ़ो, पाकिस्तान में बम बरसाओ हम तुम्हारे साथ साथ है के जयकारों के साथ रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम की शुरूआत शाम साढे पांच बजे वरिष्ठ समाजसेवी श्री कृष्ण भक्त फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के ओनर डाँ विकास शर्मा के नेतृत्व में चार पहिया और बाइक रैली से हुई। इस रैली में कई सामाजिक संगठन एवं अन्य संभ्रांत व्यक्ति व युवाओं ने भागीदारी निभाई। शाम पांच बजे जोशीले बाइकर्स को देखकर फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर पर दर्शकों की भारी भीड़ जमा हो गई। डाँ विकास शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। इस रैली का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना और उनके साहसी काम को सम्मानित करना है। उन्होंने कहा कि यह रैली युवाओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित की गई थी ताकि वे देश की रक्षा में लगे जवानों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर सकें। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया, जिन्होंने बाइक पर सवार होकर शहर के विभिन्न हिस्सों में रैली निकाली। रैली के दौरान, प्रतिभागियों ने सैन्य बलों के प्रति अपने समर्थन का प्रदर्शन किया और देशभक्ति के नारे लगाए। रैली का समापन एक सभा के साथ हुआ, जिसमें डाँ विकास ने सभी युवाओं से अपील की कि वे हमेशा अपने देश की रक्षा करने वाले सैनिकों का सम्मान करें और उनके प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें। इस प्रकार, इस बाइक रैली ने न केवल सेना के प्रति सम्मान व्यक्त किया, बल्कि युवाओं में देशभक्ति की भावना को भी जागृत किया।

# चौधरी अजीत सिंह किसान और मजदूरों के सच्चे हितेसी थे : लवकुश फौजी

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** रालोद कार्यालय बिजनौर पर किसान मजदूरो के सच्चे हितैषी रालोद के संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। जिससे सर्वप्रथम हवन कराया गया। हवन के मुख्य यजमान लवकुश फौजी जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ जिला मिडिया प्रभारी रालोद और हवन पुरोहित राधेश्याम चिकारा द्वारा कराया गया उसके उपरांत सभी ने चौधरी अजित सिंह की फोटो पर श्रद्धासुमन पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पूर्व विधायक सुखबीर सिंह, प्रदेश महासचिव चौधरी ब्रजवीर सिंह, प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी, डॉ नीरज चौधरी, महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महासचिव आशू राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूनम चौधरी, एससी एसटी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार बुद्ध सिंह, इमरान कुरेशी, रेणुका चौधरी, हसनैन जैदी, दीपक डबास, हनी तोमर, पारितोष चंदेल, महाशय पूरन सिंह, चौधरी पीतम सिंह, डॉ मधु चौधरी, सुरेन्द्र सिंह चेयरमैन, राजेंद्र सिंह, कुलदीप चिकारा, चौधरी ब्रजवीर सिंह आर्य, कल्लू सिंह सारंग, सुरेश राणा, डॉ विपिन तोमर, मुफीज आलम गूडडू, राजेश वाल्मीकि, योगेन्द्र प्रधान, ओमवीर सिंह मलिक, सुभाष काकरान ओम सिंह, शीशपाल राठी, ज्ञानेंद्र चिकारा, अनुराग मलिक, शुभम चौधरी, शिवम राणा, सुर्य प्रताप सिंह, गौरव दहिया, सुभाष तोमर आदि मौजूद रहे। उसके उपरांत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता रालोद के वरिष्ठ नेता खान जफर सुल्तान ने की और संचालन संजीव चौधरी ने किया। विचार गोष्ठी में डॉ नीरज चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय



लोकदल बड़े पैमाने पर सभी समाज के लोगो को सदस्यता अभियान के द्वारा पार्टी में जोड़ने का काम करेगा। मास्टर विजयपाल सिंह ने बताया कि आज गन्ना किसानो के चेहरों पर जो चमक और खुशी है वो स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की देन है। जिन्होंने स्वर्गीय बी पी सिंह की सरकार में उद्योग मंत्री रहते हुए चीनी मिलों की दूरी 25 किलोमीटर से घटकर 15 किलोमीटर कर दी थी और 44 मिल देने का काम किया था। चौधरी प्रीतम सिंह ने बताया की 2001 से 2003 में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई सरकार में कृषि मंत्री रहते हुए किसान क्रेडिट कार्ड एवं कृषि यंत्रों पर ऋण की ब्याज दर को काम करने का काम भी स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह ने ही कराया था। काफी वक्ताओं ने गोष्ठी में अपने विचार रखे।

## राष्ट्रीय लोकदल ने चलाया सदस्यता अभियान

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह की अध्यक्षता में लोनी में सदस्यता अभियान चलाया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन जितेंद्र बालियान एवं अभय बालियान ने किया। कुशल संचालन लोनी के पूर्व अध्यक्ष सरताज खान ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हस्तिनापुर क्षेत्र के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह चेयरमैन, राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के राजनीतिक सलाहकार वीरपाल मलिक, राष्ट्रीय लोकदल के सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, जिला पंचायत अध्यक्ष पति जयकिशोर' लोनी के पूर्व चेयरमैन मनोज धामा और लोनी की वर्तमान चेयरपर्सन श्रीमती रंजीता धामा' राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय प्रमुख, राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व महानगर अध्यक्ष अरुण चौधरी भुल्लन, इस अवसर पर रालोद में कल्पना' उदयपाल प्रधान' हाजीअय्यूब' पप्पू चौधरी' इकबाल अंसारी' अरशद खान' छोटे अल्वी' इरशाद रंगरेज' भोपाल सिंह' बबलू खलीफा' कुल्लू पहलवान' आकाश नैन' अमर बालियान' अंकित चौहान' गौरव ढाका' प्रथम मलिक' जतिन वत्स' रघुराज राणा' मोनू चौधरी' अंकित पंडित मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में सैंकड़ो नौजवानों ने राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता ग्रहण की। सभी नए साथियों का राष्ट्रीय लोक दल परिवार में स्वागत है। हमें उम्मीद है कि आप सभी राष्ट्रीय लोक दल के आदर्शों और सिद्धांतों के साथ मिलकर काम करेंगे और पार्टी को मजबूत बनाएंगे।

## भारतीय सेना के शूरवीरों के पराक्रम पर गर्व है



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर :** सरदार भगत सिंह स्मारक स्थल चांदपुर पर पूर्व सैनिकों सम्मानित साथियों ने भारत के सैनिकों द्वारा पाकिस्तान में आतंकी संगठनों को एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है भारतीय सेना पर गर्व है माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में कार्रवाई सराहनीय है पूर्व सैनिक भारतीय फौज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और 140 करोड़ देशवासियों से अनुरोध है कि भारतीय फौज का मनोबल बढ़ाने के लिए संगठित होकर सहयोग करें।

पूर्व सैनिक मुनेश कुमार, परीक्षा त्यागी पत्नी नरेंद्र त्यागी, नरेश कुमार अरविंद लंबा, मुनेंद्र पाल सिंह, ओमपाल सिंह, इसरार अहमद, सोनू कुमार, नरेंद्र कुमार पटवारी, कृष्ण वीर शर्मा, जितेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, समाजसेवी आशु गोयल, डॉ यासीन अहमद आदि उपस्थित रहे।

## राम जी की भक्ति में जीवन की मस्ती है: कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** ओम अखाड़ा व गौशाला की सहायतार्थ सदरपुर गाजियाबाद में राम कथा प्रारम्भ हुई कथा से पूर्व बड़ी संख्या में माता बहनें उपस्थित हुई और संकीर्तन करते हुए कलश यात्रा निकली गयी जो कथा स्थल से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर समाप्त हुई । कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने राम कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा जीवन में आनंद लेना चाहते हैं तो राम कथा में आना चाहिए राम जी की भक्ति में ही जीवन की मस्ती है। कुछ लोग भारत में राम को काल्पनिक मानते हैं इसमें उनका कोई दोष नहीं है भगवान जिनको दुख देना चाहते हैं उसकी बुद्धि को हर लेते हैं। राम को जानने के लिए प्रेम चाहिए क्योंकि राम बुद्धि और तर्क से परे हैं। आगे बोलते हुए कथा व्यास जी ने कहा जब हम पर परमात्मा की अतिकृपा होती है और जन्मजन्मांतर के पुण्य जाग्रत होते हैं तभी हम कथा सत्संग में पहुंच पाते हैं। इन कथाओं में संतों सज्जनों के सानिध्य में हमारा विवेक जाग्रत होता है जिससे बुद्धि अच्छे और बुरे का भेद कर पाती है। हर व्यक्ति में अच्छाई और बुराई दोनों होती है लेकिन कथाओं में आने से हमारे जीवन की भक्ति जागृत होती है और भक्ति करने से हमारा विवेक जाग्रत होता है जीवन में अच्छाईयां बढने लगती है ।भगवान शिव की कृपा से ही श्री राम जी की भक्ति प्राप्त होती है शिव की भक्ति करने से स्वतः ही राम जी की कृपा प्राप्त होती है आज कथा में मुख्य यजमान जसवीर फौजी, सुभाष चौधरी, अमिताभ तिवारी एडवोकेट व ज्ञानेंद्र त्यागी रहे साथ ही महंत जीवन ऋषि जी महाराज का पावन सानिध्य सभी भक्तों को प्राप्त हुआ।

## बिजली चोरी के मामले में विजिलेंस टीम ने किए दर्जनों नोटिस जारी

वेलकम इंडिया

**कांधला।** नगर में विद्युत विभाग एवं विजिलेंस टीम के द्वारा पकड़ी गई चोरी के मामले में जुमार्ना अदा नहीं करने पर विजिलेंस की टीम एवं विद्युत विभाग ने बकायदारों के घर पहुंच कर नोटिस जारी किए जुमार्ना अदा नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी इस दौरान बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

गुरुवार को बिजली घर पर तैनात विद्युत विभाग की टीम एवं विजिलेंस थाने से पहुंचे निरक्षक सत्यवीर सिंह की अगुवाई में विजिलेंस थाने की पुलिस ने नगर के दर्जनों स्थानों पर नोटिस जारी किए। विजिलेंस थाने के निरीक्षक सत्यवीर सिंह के द्वारा बताया गया कि पूर्व में विद्युत विभाग की टीम के साथ मिलकर विजिलेंस ने नगर के एक दर्जन से भी अधिक स्थानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए बिजली चोरी पकड़ी थी। जिनके विरुद्ध विजिलेंस थाने पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। आरोपी उपभोक्ताओं के द्वारा अभियोग पंजीकृत होने के बाद भी जुमार्ना अदा नहीं किया गया। जुमार्ना अदा नहीं करने पर नोटिस जारी करने पहुंची टीम को देखकर बिजली चोरी करने वाले एवं असमाजिक तत्वों में हड़कंप की स्थिति बन गई। विद्युत विभाग एवं विजिलेंस पुलिस ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि जल्द से जल्द जुमार्ना अदा कर दे नहीं तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा के लिए रेस्टोरेंट, खाद व्यापारियों को 31 मई तक रजिस्ट्रेशन/लाइसेंस बनवाना अनिवार्य/सीएम योगी

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार

हापुड़ उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के द्वारा खाद्य सुरक्षा में अनियमितताओं पर रोक लगाने को लेकर हम कदम उठाया गया है। जिसके तहत रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस के बिना यूपी में नहीं कर सकेंगे रेस्टोरेंट संचालन या फूड व्यवसाय ।जिसके लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के द्वारा चलाया जाएगा पूरे प्रदेश में लाइसेंस अभियान ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान ।यूपी में सभी रेस्टोरेंट और खाद्य व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन करवाना होगा अनिवार्य। इस प्रणाली को लागू करने के लिए प्रदेश के सभी जनपदों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैंप लगाकर चलायेंगे रजिस्ट्रेशन अभियान ।विदित रहे कि 07 मई, से



लखनऊ उत्तर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग पूरे प्रदेश में व्यापक फूड रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस अभियान चला रहा है। यह अभियान अप्रैल के पहले सप्ताह से प्रारंभ होकर 31 मई तक बढ़ा दिया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के सभी फूड रेस्टोरेंट, खाद्य व्यापारियों और संबंधित व्यवसायों को खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत रजिस्ट्रेशन और लाइसेंसिंग प्रक्रिया से जोड़ना है।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से हर भारतीय उत्साहित एवं गौरान्वित

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकी हमले के लगभग 15 दिन बाद आतंकियों एवं उनके आकांओं पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सेनाओं द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर की अद्भुत सफलता के लिए आज हर भारतीय उत्साहित, गदगद एवं गौरान्वित है। आतंकियों के ठिकानों पर हुए सर्जिकल स्ट्राइक पर राजनेताओं तथा विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक, व्यापारिक एवं धार्मिक संगठनों ने प्रसन्नता एवं प्रतिक्रियाएं व्यक्त करते हुए भारतीय सेना के जवानों तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्थक प्रयास तथा दूरदर्शिता पूर्ण कार्यवाही के लिए उनका आभार व्यक्त किया है, साथ ही कहा है कि




ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने पाकिस्तान को उसकी औकात दिखा दी है। भोजपुर की ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अमित चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र चौधरी डायमंड, नगर अध्यक्ष आकाश शर्मा, पूर्व सभासद दीपक वत्स, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष शिव अग्रवाल, सभासद एवं भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री ललित त्यागी, युवा व्यवसायी एवं समाजसेवी गौरव जैन आदि ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आतंकवाद व पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई सर्जिकल स्ट्राइक से सिद्ध हो गया है कि दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में भारतीय सेना के जवान किसी से कम नही है। युवाओं में देशभक्ति की भावना को बल मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता पूर्ण कार्यवाही बधाई व प्रशंसा की पात्र है।

## शिक्षा स्कूल के छात्रों ने विक्टर्स कप ओपन कराटे चैंपियनशिप 2025 में लहराया परचम



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** विक्टर्स कप ओपन चैंपियनशिप 2025 ,ग्रेटर नोएडा में कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गयो जिसमें मोदीनगर में स्थित शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण पदक,4रजत पदक,6 कास्य पदक और 1 टीम ट्रांफी प्राप्त की इसमें आर्यन सिंधु ,रुद्र ,प्रतीक ,परि त्यागी,प्रियांशी और शांतनु ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया अनन्या ,दीपिका ,अरनया शर्मा ,नक्ष तोमर ने रजत पदक प्राप्त किया ,और दक्ष ,अरनव त्यागी, प्रीति चौधरी ,व्यास त्यागी, हर्षिता ने कास्य पदक प्राप्त कर विजेता रहें विद्यालय के अध्यक्ष नीरज त्यागी ने सभी विजेता छात्रों, उनके अभिभावकों और परीक्षक को बधाई देते हुए कहा कि इन सभी छात्रों ने यह पदक जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## फादरसन पब्लिक स्कूल में हुई मॉक ड्रिल

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर :** फादरसन पब्लिक स्कूल ने सरकार के निदेशों का पालन करते हुए मॉक ड्रिल आयोजित की। प्रधानमंत्री मोदी के कल के संबोधन के बाद छात्रों ने अभ्यास किया। जिसमें लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी गई। पाकिस्तान के साथ युद्ध की संभावना जल्द ही है।



सरकार के निर्देश और प्रधानमंत्री मोदी जी के हालिया संबोधन, जिसमें राष्ट्रीय तैयारियों पर जोर दिया गया, के जवाब में, चांदपुर के फादरसन पब्लिक स्कूल ने एक व्यापक मॉक ड्रिल का सक्रिय रूप से आयोजन किया। प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने प्रधानमंत्री द्वारा जारी निदेशों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया। विशेष रूप से मौजूदा राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य और बढ़ते तनाव की संभावना को देखते हुए। छात्रों ने सरकार द्वारा निर्धारित आपातकालीन प्रक्रियाओं और सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुकरण करते हुए ड्रिल में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अभ्यास का उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों को महत्वपूर्ण स्थितियों के दौरान आवश्यक प्रतिक्रियाओं से परिचित कराना था। जिससे स्कूल समुदाय के भीतर तत्परता और जागरूकता की स्थिति सुनिश्चित हो सके। प्रधानाचार्य सूर्यवंशी ने कहा, ‡हमारे छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा और भलाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन का पालन करते हुए, यह मॉक ड्रिल किसी भी अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए हमारे स्कूल को प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन समयों के दौरान सभी के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं को समझना और सतर्क रहना आवश्यक है।

## महाराणा प्रताप जयंती पर होगा भव्य शौर्य पैदल मार्च, तरुण तोमर होंगे संयोजक

वेलकम इंडिया





**मेरठ।** वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर मेरठ में भव्य शौर्य पैदल मार्च का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का नेतृत्व युवा सामाजिक कार्यकर्ता तरुण तोमर करेंगे। मार्च में सर्व समाज के लाखों लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। शौर्य पैदल मार्च के मुख्य संयोजक तरुण तोमर ने बताया कि यह यात्रा मेरठ कॉलेज के चौधरी चरण सिंह पार्क से आरंभ होगी। यात्रा कचहरी और आर.जी. कॉलेज होते हुए बच्चा पार्क स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा तक पहुंचेगी, जहां पर प्रतिमा को दूध, दही और पंचमेवा से स्नान कराकर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। तरुण तोमर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सर्व समाज को एकजुट कर स्वर्णिम समाज का निर्माण करना है। उन्होंने कहा, ‡महाराणा प्रताप सिर्फ एक जाति नहीं, पूरे राष्ट्र के प्रतीक हैं। यह यात्रा युवाओं को प्रेरणा देने और सामाजिक समरसता का संदेश देने के लिए है ‡गौरतलब है कि तरुण तोमर, पूर्व विधायक स्व. रविंद्र पुंडीर के भांजे हैं। स्व. पुंडीर ने अपने कार्यकाल में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया था। उन्हीं के आदर्शों पर चलते हुए तरुण तोमर भी महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं के मार्गदर्शन, और रोजगार सृजन जैसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। शौर्य यात्रा के माध्यम से तरुण तोमर युवा पीढ़ी को सही दिशा देने, समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयासरत हैं। उनका मानना है कि यदि सभी जातियों के लोग साथ आएं तो एक स्वर्ण युगीन समाज की रचना संभव है।

# भारतीय सेना ने आतंक के ठिकानों पर बरसाए कहर के गोले

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरे देश की निगाहें जिस जवाबी कार्रवाई की प्रतीक्षा में थीं, वह ऐतिहासिक क्षण मंगलवार की रात आया, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके स्थित नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर नामक इस संयुक्त सैन्य अभियान में थल, वायु और जल सेना ने अपने अद्भुत समन्वय और साहस का परिचय दिया। यह कार्रवाई न केवल भारत की सैन्य ताकत का प्रदर्शन है, बल्कि यह स्पष्ट संदेश भी है कि भारत अब किसी भी आतंकी हमले को चुपचाप सहन नहीं करेगा। इस



अभूतपूर्व सफलता पर गाजियाबाद में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए आतिशबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भारत की ओर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों की हत्या के बाद देशवासियों की आंखें नम थीं, लेकिन अब उन्हें सेना की वीरता पर गर्व है। इस अवसर पर मयंक गोयल ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की आवश्यकता को भी रेखांकित किया और इसे देश के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उनका कहना था कि बार-बार चुनाव होने से शासन की निरंतरता प्रभावित होती है और सरकारें दीर्घकालिक फैसले लेने में हिचकती हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत इस विधेयक के समर्थन में देशभर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति ने जहां एक ओर भारत में स्वतंत्रता के बाद हुए चुनावों की प्रणाली का अध्ययन किया, वहीं स्वीडन, जापान, बेल्जियम, जर्मनी जैसे उन देशों की चुनाव व्यवस्था का भी विश्लेषण किया जहां एक साथ चुनाव होते हैं। मयंक गोयल ने कहा कि भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में यदि एक साथ चुनाव होते हैं, तो यह विश्व इतिहास में एक अद्वितीय अध्याय होगा। वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को लेकर मयंक गोयल ने विपक्षी दलों कांग्रेस, सपा और बसपा पर भी तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि इन दलों ने मुस्लिम समाज को वर्षों तक केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि भाजपा मुस्लिम समाज की सच्ची हितैषी है और वक्फ संपत्तियों के सही उपयोग के लिए ही यह विधेयक लाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक वक्फ की संपत्तियों को कुछ चंद लोगों द्वारा लूटा जाता रहा है।

# तूफान और ओलावृष्टि के बीच निगम ने संभाली व्यवस्थाएं

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारी तूफान और ओलावृष्टि के बीच गुरुवार को गाजियाबाद नगर निगम की टीम ने तत्परता और समर्पण के साथ शहर में उत्पन्न हुई आपात स्थिति को संभाला। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य, जलकल और उद्यान विभागों की टीमें अलर्ट मोड में रही और शहर में जलभराव और गिरते पेड़ों जैसी समस्याओं से तुरंत निपटने के लिए मौके पर डटी रहीं। नगर निगम ने शहर के 52 जलभराव प्रभावित स्थलों पर विशेष निगरानी रखी और पंप सेट सहित अन्य उपकरणों की सहायता से जल निकासी का कार्य समय रहते पूरा किया गया। कवि नगर और सिटी जोन क्षेत्रों में विशेष तौर पर जल निकासी



की व्यवस्था की गई। हिंडन अंडरपास, नवयुग मार्केट और नागद्वार अंडरपास जैसे प्रमुख इलाकों में निगम की टीम लगातार तैनात रही। तूफान की वजह से कई स्थानों पर पेड़ गिरने की सूचना मिली, जिस पर उद्यान विभाग ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पेड़ों को हटाया और ट्रैफिक व्यवस्था को बहाल किया। वसुंधरा सेक्टर 4, डायमंड फ्लाईओवर, संजय नगर सेक्टर 23, कलेक्ट्रेट और नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन जैसे क्षेत्रों में पेड़ों को हटाने का कार्य क्रेन और अन्य यांत्रिक उपकरणों की सहायता से किया गया। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार और अरुण कुमार यादव ने बताया कि विजयनगर और मोहन नगर जैसे क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति न्यूनतम रही और समय रहते सभी स्थानों पर समुचित प्रबंध कर लिए गए।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में गूंजेगी आवाज




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने और लोकतांत्रिक सुधारों को बल देने के उद्देश्य से भारत माता सांस्कृतिक संस्थान के तत्वावधान में 10 मई को एक विशाल जन जागरण यात्रा एवं भारत माता महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस संदर्भ में नवयुग मार्केट स्थित एक अतिथि गृह में गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा साझा करते हुए कार्यक्रम के मुख्य नियंत्रक मयंक गोयल ने बताया कि देश को आर्थिक दृष्टि से मजबूत करने और विकास कार्यों में गति लाने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसी व्यापक और दूरदर्शी योजना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि गाजियाबाद की जनता की लोकतांत्रिक जागरूकता का प्रतीक होगा, जिसका संदेश सीधे राष्ट्रपति महोदय और प्रधानमंत्री तक भेजा जाएगा। यह जन जागरण यात्रा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के कर-कमलों द्वारा प्रारंभ होगी। यात्रा की शुरूआत ठाकुरद्वारा स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ होगी।

# ग्रेनो प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने देवला के अवैध निर्माण को मिलाया मिट्टी में

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने गुरुवार को ग्राम देवला में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 6,000 वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। यह जमीन अधिसूचित क्षेत्र में थी, जिस पर कुछ कॉलोनाइजर फार्म हाउस बनाकर और अवैध प्लॉटिंग कर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे।

प्राधिकरण की टीम ने इस कार्रवाई में तीन फार्म हाउस और 100 से 200 वर्ग मीटर आकार के कई अवैध प्लॉट्स पर हो रहे निर्माण को ध्वस्त किया। इन अवैध निमार्णों में फाउंडेशन भी तैयार कर ली गई थी। प्राधिकरण के अनुसार, इस जमीन की अनुमानित कीमत लगभग 12 करोड़ रुपए है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एन.जी. रवि कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि यह जमीन



ग्राम देवला के खसरा संख्या 472 में स्थित है, जो प्राधिकरण के वर्क सर्कल 3 के अंतर्गत आती है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की ओर से पहले भी कई बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन निर्माण कार्य नहीं रोका गया। कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना ए.के. सिंह के नेतृत्व में वर्क सर्किल प्रभारी, भूलेख विभाग और नोएडा पुलिस के 250 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा, बिना अनुमति या नक्शा पास कराए हुए निर्माण अवैध हैं और इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोग अपनी मेहनत की कमाई को अवैध कॉलोनियों में न फंसाएं। इस कार्रवाई में तहसीलदार सचेंद्र सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर, नागेंद्र सिंह, राजेश गौतम, विनोद शर्मा, सन्नी यादव, नरोत्तम सिंह, रतिक सहित भारी संख्या में अधिकारी और सुरक्षाकर्मी शामिल रहे।

> ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।
> **-प्रेरणा सिंह, (आई ए एस) एसीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

# पिस्टल लेकर बनाया वीडियो, सोशल माध्यम पर डाला

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना टीला मोड़ क्षेत्र अंतर्गत पसौंडा गांव के दो युवकों द्वारा अवैध हथियार लहराते हुए सोशल माध्यम पर वीडियो डालना अब उन पर भारी पड़ गया है। जैसे ही यह वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित हुआ और लोगों के बीच तेजी से फैलने लगा, वैसे ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 7 मई को थाना टीला मोड़ क्षेत्र की सिकंदरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार सिंह गश्त पर थे, जब उन्हें सूचना मिली कि ट्विटर पर एक संदेश तेजी से प्रसारित हो रहा है, जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि पसौंडा गांव के कुछ नवोदित अपराधी सोशल माध्यम पर हथियार लहराते हुए वीडियो साझा कर रहे हैं और पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। यह ट्वीट (नेहा चौधरी) नामक ट्विटर हैण्डल से किया गया था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तत्परता से वीडियो की जांच-पड़ताल की और उसमें दिख रहे युवकों की पहचान कराई। वीडियो में जिस युवक के हाथ में पिस्टल/तमंचा दिखाई दे रहा है, उसका नाम अयाज पुत्र अकरम, निवासी संगम अपार्टमेंट एक्सटेंशन-2, डीएलएफ, थाना शालीमार गार्डन, गाजियाबाद (वर्तमान में मोहम्मदी मस्जिद के पास, पसौंडा, थाना टीला मोड़) के रूप में हुई। उसके पास खड़ा युवक, जो पिस्टल सौंपता दिखाई दे रहा है, का नाम समीर पुत्र शौकीन, निवासी भूमिया मंदिर के पास, पसौंडा, थाना टीला मोड़ है।

# एक महीने में 100 से अधिक ट्रांसफॉर्मर फुंके, जनता बेहाल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शासन और ऊर्जा निगम हर वर्ष कई करोड़ रुपये की सार्वजनिक धनराशि खर्च करता है, लेकिन जमीनी सच्चाई आज भी जस की तस बनी हुई है। ताजा आंकड़ों ने बिजली विभाग की पोल खोल दी है - केवल एक माह में 100 से अधिक ट्रांसफॉर्मर फुंक चुके हैं। इस भयावह स्थिति ने न सिर्फ विभागीय लापरवाही को उजागर किया है, बल्कि गर्मी के मौसम में जनजीवन को भी अस्त-व्यस्त कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, गर्मी की शुरूआत होते ही बिजली की खपत में जबरदस्त वृद्धि हुई है। इसे ध्यान में रखते हुए शासन ने ओवरलोड ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाने के आदेश दिए थे। वर्ष 2024-25 के बजट में इस कार्य के लिए काफी धनराशि भी आवंटित की गई थी। बावजूद इसके, ट्रांसफॉर्मर लगातार जल रहे हैं और क्षेत्रीय नागरिक गहन संकट झेल रहे हैं। ऊर्जा निगम की कार्यशाला में प्रत्येक दिन औसतन 18 ट्रांसफॉर्मर (250 केवीए तक) की मरम्मत की जा रही है, जबकि 250 केवीए से अधिक क्षमता वाले 6 से 8 ट्रांसफॉर्मर रोजाना खराब हो रहे हैं। गंभीर क्षति की स्थिति में कंपनियों को नया ट्रांसफॉर्मर भेजना पड़ता है, लेकिन तब तक क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहता है। इस असुविधा का सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों पर पड़ रहा है। कई इलाकों में 48 घंटे तक बिजली आपूर्ति नहीं हो रही, जिससे न केवल लोग पसीने में भीग रहे हैं, बल्कि पेयजल संकट भी उत्पन्न हो गया है।

# नोएडा पुलिस कमिश्नरी में बड़े फेरबदल के तहत 5 अधिकारियों का हुआ तबादला

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में उच्च अधिकारियों के क्षेत्रों में फेरबदल किए गए हैं। गुरुवार को पुलिस महकमे में पांच आईपीएस अधिकारियों को जनपद में इधर से उधर किया गया है। कानून एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने गुरुवार सुबह पांच शीर्ष अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।

डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह को अपर पुलिस आयुक्त यातायात बनाया गया है जबकि यमुना प्रसाद को नोएडा डीसीपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा अन्य अधिकारियों के पदभार में भी बदलाव किया गया है। नोएडा पुलिस कमिश्नर ने जिले में कानून एवं



व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस विभाग में पांच शीर्ष अधिकारियों के विभिन्न स्थानों पर फेरबदल किया है। आज सुबह लक्ष्मी सिंह ने नोएडा डीसीपी रहे रामबदन सिंह को अपर पुलिस आयुक्त यातायात के साथ एफआरआरओ शाखा व नारकोटिक्स शाखा का पर्यवेक्षक बनाया है। इसके अलावा शासन स्तर से आईपीएस राजीव नारायण मिश्रा को गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट में भेजने के बाद अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था के साथ रिट सेल का पर्यवेक्षक, डीसीपी यमुना प्रसाद को पुलिस लाइन से नोएडा डीसीपी की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह रविशंकर निम को डीसीपी हेड क्वार्टर के साथ-साथ अतिरिक्त प्रभार डीसीपी लाइन जबकि प्रीति यादव को डीसीपी साइबर थाना के साथ-साथ महिला सुरक्षा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आदेश जारी होने के बाद सभी अधिकारियों को नई जिम्मेदारी ग्रहण करने का निर्देश पुलिस कमिश्नर की ओर से दिया गया है।

# तीन मुठभेड़ों में तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रही गाजियाबाद पुलिस ने एक ही रात में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन मुठभेड़ों के दौरान तीन शातिर बदमाशों को गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। तीनों के पैरों में गोली लगी है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों के पास से अवैध हथियार, लूटा गया माल, चोरी की बाइक और नकदी बरामद की है। पहली मुठभेड़ विजयनगर थाना क्षेत्र में हुई। थाना प्रभारी शशि चौधरी की टीम चेकिंग कर रही थी, तभी दो संदिग्ध युवक बाइक पर आते दिखाई दिए। पुलिस के रोकने पर उन्होंने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। उसकी पहचान अमन उर्फ सुमित वाल्मीकि निवासी अंबेडकरनगर के रूप में हुई है। उसके पास से तमंचा, कारतूस, लूटा गया



मोबाइल, चार हजार रुपये नकद और चोरी की बाइक बरामद हुई। पूछताछ में अमन ने बताया कि वह अपने साथी अभय उर्फ पोपई के साथ मिलकर दिल्ली-एनसीआर में लूट और छीना-झपटी करता था। दूसरी मुठभेड़ लोनी के चिरौड़ी रोड पर हुई। थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी की टीम ने एक बाइक सवार को रोकने की कोशिश की तो उसने भी पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे भी गोली मार दी। बदमाश की पहचान जुल्फिकार निवासी चिरौड़ी के रूप में हुई है। उसके पास से तमंचा, कारतूस और चोरी की बाइक बरामद की गई। पुलिस के अनुसार जुल्फिकार पर विभिन्न जनपदों में लूट, हत्या के प्रयास, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। तीसरी मुठभेड़ शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के राजेन्द्र नगर में हुई। प्रेम गली कट के पास चेकिंग कर रही पुलिस टीम ने दो संदिग्ध युवकों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने भागते समय पुलिस पर जानलेवा हमला किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी।

# ट्रांस हिंडन बना नकली कलपुर्जों का अड्डा, फैक्ट्री से जब्त हुआ भारी मात्रा में सामान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद** के ट्रांस हिंडन क्षेत्र में नकली गाडियों के कलपुर्जों का धंधा तेजी से फल-फूल रहा है। साहिबाबाद थाना क्षेत्र के चिकम्बरपुर इलाके में एक फैक्ट्री पर छापा मारकर अधिकारियों ने भारी मात्रा में नकली कलपुर्जे बरामद किए हैं। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री में मौजूद लोग झगड़ा करते हुए ताला लगाकर फरार हो गए। स्पीड सर्च एंड सुरक्षा नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक रामनिवास ने थाना साहिबाबाद में दी तहरीर में बताया कि उनकी कंपनी को एएसके ऑटोमोटिव लिमिटेड और होंडा मोटरसाइकिल स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से बाजार में बिक रहे नकली कलपुर्जों की जांच और कार्यवाही के लिए अधिकृत किया गया है। तीन मई को सूचना मिली कि उमेश गुप्ता नामक व्यक्ति, गली नंबर 2, प्लॉट नंबर 6, चिकम्बरपुर में नकली कलपुर्जों का निर्माण कर बाजार में सप्लाई कर रहा है। वह पुराने कलपुर्जों को एकत्र कर नए रैपर में पैक कर उन्हें असली बताकर ऊँचे दाम पर बेचता है। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। फैक्ट्री से एएसके और होंडा के हजारों नकली कलपुर्जे बरामद हुए। इनमें 2064 ब्रेक शू, 224 एएसके छपाई वाले चिपकने वाले फीतों के रोल, 449 होंडा छपाई वाली पैकिंग में पुर्जे तथा नकली मुहरें शामिल थीं। इन सभी वस्तुओं को प्रमाण के तौर पर सील कर पुलिस को सौंप दिया गया। छापे के दौरान उमेश गुप्ता का भाई पिंटू गुप्ता कुछ अज्ञात लोगों के साथ मौके पर पहुंचा और टीम को जान से मारने की धमकी देते हुए हंगामा किया।

# रक्तदान शिविर व रक्तदान प्रोत्साहन गोष्ठी का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया

**गाजियबाद।** विश्व की सबसे बड़ी सेवा संस्था के जनक हेनरी ड्यूट के जन्मदिन पर मनाया जाने वाला रेड क्रॉस का स्थापना दिवस भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गाजियाबाद इकाई के अध्यक्ष श्री दीपक मीणा कअर जिलाधिकारी के निर्देश पर रक्तदान शिविर व रक्तदान प्रोत्साहन गोष्ठी का आयोजन तथा 50 क्षय रोगियों को पुष्टाहार पोटली देकर गोद लिया गयाकार्यक्रम का शुभारंभ गाजियाबाद के शिक्षा जनक, शिक्षाविद श्री गंभीर सिंह अपर जिलाधिकारी नगर के कर कमल द्वारा डॉ संगीता गोयल स्वास्थ्य निदेशक,डॉ राकेश कुमार मुख्य



चिकित्सा अधीक्षक, डॉ चरण सिंह, मेजर डॉ प्राची गर्ग, डॉ अंशुल चौधरी, डॉ नेहा गोस्वामी की उपस्थिति में किया गया गंभीर सिंह जी ने मां भारती व हेनरी ड्यूट के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए गाजियाबाद के सभी उद्योगपति, शिक्षाविद तथा सरकारी अधिकारियों से रेड क्रॉस का सदस्य बनकर गाजियाबाद में सेवा कार्यों को मजबूत



करने की अपील की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर आज के इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब गाजियाबाद हेरिटेज के सौजन्य से 50 क्षय रोगियों को 6 माह के लिए गोद लेकर पुष्टाहार पोटली वितरित की। मेजर डॉक्टर प्राची गर्ग ने कहा कि रेड क्रॉस एक गैर राजनीतिक संगठन है और भारत में 1920 से निर्बाध रूप से सेवा कार्यों में संलग्न है उन्होंने रेड क्रॉस की संरचना के बारे में विस्तार से बतायाह्न मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए सभापति डॉ सुभाष गुप्ता ने कहा कि रेडक्रास कभी युद्ध की बात नहीं करता और ना ही युद्ध का पक्षधर है रेड क्रॉस का संदेश हमेशा ही शांति, प्रेम और समरसता को प्रसार करने के लिए होता है लेकिन आतंकवाद का विरोध पुरजोर करते हैं शांति, प्रेम और सद्भाव की स्थापना करनी है तो आतंकवाद को समूल नष्ट करना पड़ेगा। डॉ संगीता गोयल लखनऊ से चलकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आई उनका और डॉक्टर प्राची गर्ग का सचिव डॉक्टर किरण गर्ग ने एक पटका पहना कर अभिनंदन किया।